
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

वर्ष : 12 | अंक : 310 | लखनऊ, 07 नवम्बर ,शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर जा पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी की हवा में घुला जहर, ग्रैप-3 लागू, राज्य सरकार ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए लगाए कई प्रतिबंध

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता के गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज 3 के उपाय लागू करने की घोषणा की है। यह कदम तब उठाया जाता है जब एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी माना जाता है।

450
पहुंचा प्रदूषण का स्तर



कई गैर-जरूरी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध

- गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ कार्य पूरी तरह बंद रहेंगे।
- स्टोन क्रशिंग और खनन गतिविधियों पर भी रोक लगाई गई है।
- इन गतिविधियों को वायु प्रदूषण का बड़ा कारण माना जाता है।

स्टेज 3 लागू होने पर दफ्तरों में ये होगा बदलाव

- ग्रैप स्टेज 3 के तहत सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों में कामकाज सीमित कर दिया गया है।
- दफ्तरों में सिर्फ 50 प्रतिशत स्टाफ को ही फिजिकली आने की अनुमति होगी
- बाकी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है
- इसका उद्देश्य रोजाना की आवाजाही कम कर प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करना है।
- निर्माण और औद्योगिक गतिविधियों पर क्या रोक लगी है?

वाहनों पर ये पाबंदियां लागू होंगी

पुराने वाहनों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण

- बीएस-3 पेट्रोल और 4 डीजल चारपहिया वाहनों पर रोक।
- यह पाबंदी दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में भी लागू होगी।
- पुराने डीजल मालवाहक वाहनों की दिल्ली में एंट्री भी प्रतिबंधित कर दी गई है।

दिल्ली स्कूल का वीडियो



स्कूलों में आउटडोर एक्टिविटी पर लगी रोक बच्चों को मास्क पहनने की सलाह

दिल्ली के कई स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा और खेलकूद जैसी बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। बच्चों को प्रदूषित हवा से बचने के लिए मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है।

प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

उम्मीद है आप मौसम का मजा ले रहे होंगे



सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच चुके वायु प्रदूषण के संकट से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पराली की खरीद कीमत पहले ही घोषित कर दी जानी चाहिए और इसके प्रबंधन की व्यवस्था ग्राम पंचायतों को दी जानी चाहिए।

दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान 14 प्रतिशत

वरिष्ठ वकील और अदालत में 'एमिकस क्यूरी' अपराजिता सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर अभी भी 'गंभीर' श्रेणी के आसपास बना हुआ है। यहां हवा हर दिन 30 सिगरेट पीने के बराबर है। पराली जलाने का योगदान 14 प्रतिशत है।

अकेले पराली जिम्मेदार तो वाहन प्रदूषण का क्या?

बेंच ने पूछा कि वायु प्रदूषण के इतने गंभीर स्तर के लिए क्या अकेले पराली को दोष दिया जा सकता है। यहां वाहन प्रदूषण को समस्या नहीं बताई जा रही।

खबर संक्षेप

दिल्ली में गांधी नगर का कपड़ा मार्केट जला

गांधीनगर। यहां के शांति मोहल्ला स्थित कपड़ा मार्केट में शुक्रवार को आग लगने की घटना सामने आई।



आग की लपटें उठती देख बाजार में मौजूद दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हलचल बढ़ गई। दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं। कारणों का पता नहीं चल पाया है।

दिवाली पर दिल्ली मेट्रो सुबह 6 बजे से दौड़ेंगी

नई दिल्ली। दिवाली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने मेट्रो परिचालन के समय में बदलाव किया है। रविवार को सभी मेट्रो लाइनों पर रात की आखिरी ट्रेन सामान्य समय रात 11 बजे के बजाय एक घंटे पहले रात 10 बजे टर्मिनल स्टेशनों से रवाना होगी। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है।3 मेट्रो लाइनों पर सेवा भी एक घंटे पहले शुरू की जाएगी।



पेरियार नॉलेज वर्ल्ड की खरीद में घोटाला: विजय

चेन्नई। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कोयंबटूर में 'पेरियार नॉलेज वर्ल्ड' के लिए किताबें खरीदने में पिछली डीएमके सरकार के दौरान भ्रष्टाचार हुआ था। प्रोफेसर पेरुमल मुरुगन ने पर्दाफाश किया है और उनकी तारीफ की जानी चाहिए। डीएमके को भ्रष्टाचार की जड़ बताते हुए कहा वह भ्रष्टाचार में डूबी रहती है।



ट्रक की चपेट में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 5 की मौत

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया।



केंद्रीय गृह मंत्री ने जनता से अपील, 65 से ज्यादा सीटें जिताएं

कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई, हमने सीमा की सुरक्षा की

देहरादून में शाह ने विपक्ष पर किया प्रहार



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

राज्य स्थापना दिवस समारोह में 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

कांग्रेस ने राज्य को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया



परेड ग्राउंड में समारोह के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्वागत किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड की जनता से अगले साल की शुरुआत में प्रस्तावित राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को 65 से अधिक सीटें जिताकर लगातार तीसरी बार पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत 1,475.31 करोड़ की 62 योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर परेड ग्राउंड में शाह ने कहा कि असम, गुजरात, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगा चुकी है। अब उत्तराखंड की बारी है। उन्होंने कहा कि 2017 में जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब आपने 46 प्रतिशत वोट देकर भाजपा को 57 सीटें दी थी। 2022 में 44 प्रतिशत वोट के साथ 47 सीटें दीं। लेकिन इस बार इससे काम नहीं चलेगा। हमें 65 पार का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने चीन के डर से सड़कें नहीं बनवाई। हमने सीमा की सुरक्षा की।

शाह ने कहा कि भाजपा इस सीमांत राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाना चाहती है। इन तीनों उद्देश्यों के लिए हमें आपका जनादेश और आशीर्वाद चाहिए। शाह ने आरोप लगाया कि उसने वर्षों तक उत्तराखंड को 'मनीऑर्डर अर्थव्यवस्था' और पलायन के भरोसे छोड़ दिया। कोई काम नहीं किया।

अब देश के साथ कोई दुस्साहस नहीं करेगा

शाह ने कहा कि भारत के साथ दुस्साहस करने वालों को केंद्र सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'सर्जिकल स्ट्राइक' के जरिए उनके घर में घुसकर जवाब दिया। उन्होंने कांग्रेस पर आतंकवाद को रोकने में विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने इसे समाप्त करने की दिशा में कठोर कदम उठाए हैं। शाह ने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना का उल्लेख करते हुए कहा किमोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव माना है।

कांग्रेस निकाल रही 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा

एसआईआर को लेकर कांग्रेस के विरोध पर शाह ने कहा कि राहुल गांधी की 'वोट बचाओ यात्रा' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ' यात्रा है। उन्होंने कांग्रेस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, तुष्टीकरण की राजनीति करने, शुक्रवार की नमाज के लिए छुट्टी का प्रस्ताव लाने, राम मंदिर का विरोध करने, भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया।

राज्य में यूसीसी लागू किया

शाह ने दावा किया कि भाजपा ने 10 वर्षों में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। यूसीसी पर उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश में किसी को 4 शादियां करने या 'तीन तलाक' के जरिए किसी महिला का अपमान करने की अनुमति नहीं है।

धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही

शाह ने प्रदेश में केंद्र सरकार की विभिन्न परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। इनमें दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना और केदारनाथ एवं हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं। केंद्र में मोदी और प्रदेश में धामी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

कांग्रेस मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी

शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुस्लिम विश्वविद्यालय की वकालत करेगी, जबकि भाजपा सरकार अवैध मजारों और मदरसों को हटाकर प्रदेश को अतिक्रमण से मुक्त करेगी। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें तय करना है कि उन्हें भाजपा की विकास करने वाली सरकार चाहिए या भ्रष्टाचार करने वाली सरकार। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में भाजपा कार्यकर्ता उत्तराखंड के नागरिकों से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे।

वोटर लिस्ट से नाम कटने वालों को राहत

दोबारा फॉर्म भरने का मिलेगा मौका, ईसी ने प्रक्रिया सरल की

राहत उन्हें मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें चुनाव आयोग ने एक और मौका देने का फैसला किया है। यह राहत उन लोगों को मिलेगी, जिन्हें गणना फॉर्म जारी किए गए थे, लेकिन अनुपस्थित, दूसरी जगह शिफ्ट होने, मृत या डुप्लीकेट दर्ज किए जाने के कारण उनके नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं आ सके। आयोग ने ऐसे मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए नई व्यवस्था तय की है। आयोग ने शुक्रवार को इस संबंध में दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, तेलंगना और नगालैंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए। आयोग ने कहा है कि ऐसे सभी मतदाताओं को अपना नाम जुड़वाने के लिए एक और अवसर दिया जाए। इसके लिए बूथवार सूची तैयार होगी और संबंधित मतदान केंद्रों के साथ पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लॉक विकास अधिकारियों के कार्यालयों में भी प्रदर्शित की जाएगी।

बीएलओ घर-घर पहुंचेंगे, आनलाइन भी दे सकेंगे

जिन मतदाताओं के नाम एसडीडी श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें गणना फॉर्म दोबारा जमा करने का अवसर मिलेगा। जिन लोगों के फॉर्म अधूरे हैं, उनके लिए भी नई व्यवस्था की गई है। संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के डैशबोर्ड पर ऐसे फॉर्म दोबारा तैयार किए जाएंगे। बीएलओ मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाने के लिए घर-घर जाएंगे और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद लेंगे। जहां संपर्क की जानकारी उपलब्ध होगी, वहां वॉट्सएप, ईमेल और एसएमएस के जरिए भी फॉर्म भेजे जा सकेंगे। मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर से वेबसाइट पर फॉर्म डाउनलोड करके भर सकते हैं।

फार्म जमा न करने का कारण बताना होगा

आयोग ने उन मतदाताओं के लिए अलग प्रक्रिया तय की है, जो अपने पुराने पते पर ही रह रहे हैं। ऐसे लोगों को भरा हुआ और हस्ताक्षर किया गया गणना फॉर्म जमा करना होगा। इसके साथ उन्हें यह बताना होगा कि पहले फॉर्म क्यों जमा नहीं हो पाया था। इसके लिए आयोग ने अनुलग्नक-बी का प्रारूप दिया है। मतदाता इसे संबंधित ईआरओ, सहायक ईआरओ या बीएलओ को खुद या परिवार के किसी सदस्य के जरिये सौंप सकते हैं। इसे ईसीआइनेट पर ई-साइन के साथ जमा करने की सुविधा भी होगी।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बीएसई व अमिताभ बच्चन का बंगला भी निशाने पर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बम की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में अलर्ट हो गई हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज , वर्ली रेसकोर्स और बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। मुंबई में ह बच्चन के2 बंगले हैं। एक प्रतीक्षा और दूसरा जलसा।



पुलिस ई- मेल भेजने वाले को तलाश रही

धमकी भरे ईमेल में मुंबई की चार प्रमुख जगहों का जिक्र किया गया है। मुंबई पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी हैं। जांच का मुख्य मकसद यह पता करना है कि धमकी किसने भेजी और इसके पीछे क्या मंशा है। पुलिस ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। जांच जारी है और आगे की जानकारी मिलने का इंतजार है।

झारखंड के खूंटी में सड़क हादसा

स्कूटी सवार को बचाने दौड़े लोगों को ट्रेलर ने रौंद दिया, 7 की मौत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड के खूंटी जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाला दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कर्रा थाना क्षेत्र स्थित कोशांबी कॉलोनी के पास गुरुवार रात एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर ने सड़क पर मौजूद लोगों को बुरी तरह रौंद दिया। दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्रधानमंत्री, सीएम ने की आर्थिक मदद की घोषणा

रात करीब सवा 10 बजे एक स्कूटी सवार सड़क किनारे झाड़ियों में गिर गया था। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए घरों से बाहर निकले। कुछ युवक झाड़ी में फंसे स्कूटी सवार को बाहर निकालने में जुटे थे। तोरपा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े 9 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आर्थिक मदद की घोषणा की है।

कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 डिब्बे जले



पटियाला में मची अफरा तफरी, सभी यात्री सुरक्षित

पटियाला। अमृतसर की ओर आ रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के 4 जनरल कोचों में शुक्रवार दोपहर आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन नंबर 12508 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस शुक्रवार दोपहर 12:58 बजे फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। कुछ ही समय बाद राजपुरा के नजदीक ट्रेन के जनरल कोचों में आग लग गई। ट्रेन के डिब्बों से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार शुरू हो गई। रेलवे कर्मचारियों, पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बिजनौर में बंद मकान में चोरी : लाखों के जेवरात और सामान ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों बंद मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये के सामान और सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के रफ्तार सिटी फेज -1 निवासी कल्पना मिश्रा के मुताबिक वह 24 सितंबर को बरेली स्थित अपने दूसरे घर गई थी। वह बदायूं जिले के दातागंज में कार्यरत है। इस दौरान पैर में फ्रैक्चर होने के कारण वह लखनऊ नहीं लौट सकी। बीती 11 अक्टूबर को सुबह करीब सात बजे उसे फोन पर घर में चोरी होने की सूचना मिली। लखनऊ पहुंचने पर उसके पुत्र अनुभव मिश्रा ने 112 पर सूचना दी। घर की जांच करने पर दो इंडेन गैस सिलेंडर, कीमती कपड़े, सोने के एक जोड़ी ईयर रिंग, कंगन, 7.5 केवीए जनरेटर का अल्टरनेटर और घर की सभी टोटियां गायब मिलीं। पीड़िता का कहना है कि मकान के सभी ताले टूटे हुए थे। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

वाहन ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की ठोकर से एक ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत लालपुर निवासी राम लखन (42) ऑटो चलाते थे। शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे वह घर से ऑटो लेकर चलाने के लिए निकले। राम लखन ऑटो लेकर सरोजनीनगर की तरफ आने के लिए बंथरा में शिवपुरा के पास कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेस वे पर चढ़े थे, तभी शिवपुरा के पास कानपुर एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन ने उनकी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राम लखन बुरी तरह घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें पास में ही जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। साथ ही पुलिस ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक राम लखन की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

निःशुल्क शिक्षा अभियान से जुड़ी अध्यापिकाओं को किया सम्मानित, उपहार और मिठाई भेंटकर बढ़ाया उत्साह

जन सहायता एवं पत्रकार कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित हुआ विशेष सम्मान समारोह, ग्रामीण बच्चों को शिक्षा देने के लिए अध्यापिकाओं के समर्पण की हुई सराहना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। जन सहायता एवं पत्रकार कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें संगठन की निःशुल्क शिक्षा मुहिम से जुड़ी अध्यापिकाओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में संगठन की संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी की माताजी ने गांव-गांव संचालित निःशुल्क शिक्षा केंद्रों पर गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही अध्यापिकाओं को उपहार एवं मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यापिकाओं ने भी संगठन की संरक्षक एवं विकास सैनी की माताजी को राधा-कृष्ण की सुंदर तस्वीर भेंटकर सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में आपसी प्रेम, स्नेह, सम्मान और अपनत्व का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अभियान को सफल बनाने में अध्यापिकाओं की अहम भूमिका है। उनके समर्पण, मेहनत और सेवा भावना से बच्चों का भविष्य संवर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का संकल्प है कि गरीब हो या अमीर, शिक्षा पर सभी का समान अधिकार है। किसी भी बच्चे को आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। संगठन का प्रयास है कि गांव-गांव तक शिक्षा की रोशनी पहुंचे और हर जरूरतमंद बच्चे को बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिले। कार्यक्रम के अंत में अध्यापिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। संगठन ने संदेश दिया कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक और वास्तविक बदलाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

त्योहारों पर डीसीपी का पैदल गश्त, गौरी-हाइडिल बाजार में परखी सुरक्षा

धनतेरस-दीवाली से पहले अलर्ट मोड में पुलिस : डीसीपी मुश्ताक ने सरोजनीनगर के बाजारों में पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। धनतेरस, दीपावली, भाई दूज एवं छठ पूजा के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गौरी व हाइडिल बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान डीसीपी ने प्रमुख बाजारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। साथ ही प्रमुख चौराहों एवं जाम की आशंका वाले स्थानों पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिससे त्योहारों के दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार पैदल गश्त करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग करने पर भी जोर दिया। डीसीपी ने ज्वेलरी शॉप, बैंक और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव सुने और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसीपी के साथ सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति सहित कई अन्य उप निरीक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



बंथरा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष : लाठी-डंडों से मारपीट, युवती का हाथ फ्रैक्चर

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के नेवाजखेड़ा गांव में बीते दिनों पारिवारिक विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं इस मारपीट में एक युवती का हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि दूसरे पक्ष के युवक को भी गंभीर चोटें आई हैं। बंथरा के पहाड़पुर स्थित नेवाज खेड़ा निवासी के राजाबाबू रावत के मुताबिक बीती 4 नवंबर की रात करीब एक बजे वह खसरवारा गांव के मेले से घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव के सूरजपाल रावत, उसके बेटे अंकुल और शत्रोहन ने नशे की हालत में उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों से उसके ऊपर हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे सहित शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष की 20 वर्षीय कीर्ति पुत्री सूरजपाल ने आरोप लगाया कि 3 नवंबर की रात करीब 11:50 बजे उसका जीजा रोहित उर्फ रिंकू शराब के नशे में घर पहुंचा और उसकी बहन रीता से मारपीट करने लगा। विरोध करने पर रोहित ने फोन कर राजाबाबू, श्यामबाबू, रामबाबू सहित अन्य रिश्तेदारों को बुला लिया।



आरोप है कि सभी ने घर में घुसकर दोनों बहनों को पीटा और घर के दरवाजे व सामान तोड़ दिए। कीर्ति का कहना है कि बाद में प्रसाद अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर बताया। फिलहाल बंथरा पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

शटर काटकर किराना दुकान से लाखों की नकदी व सामान चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बेखौफ चोरों ने गुरुवार रात एक किराना दुकान को निशाना बनाते हुए शटर काटकर नकदी समेत करीब सात लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक को घटना की जानकारी हुई। दुकान का शटर कटा और अंदर सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मलिहाबाद के महमूद नगर गांव निवासी दयाशंकर गुप्ता की किराना दुकान लखनऊ-हरदोई राजमार्ग किनारे स्थित है। गुरुवार शाम वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर को काटकर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने दुकान में रखा सिगरेट, पान मसाला और अन्य कीमती सामान समेट लिया। साथ ही दुकान में रखी नकदी भी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए सामान और नकदी की कुल कीमत 6 लाख 80 हजार रुपये है।



टूटा पड़ा दुकान का शटर – फोटो

शुक्रवार सुबह दयाशंकर गुप्ता दुकान पहुंचे तो शटर कटा देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब था। घटना की सूचना पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

सरोजनीनगर में भीषण हादसा : डीसीएम में घुसी स्कॉर्पियो, एक की मौत, पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे जा रही डीसीएम में जा भिड़ी। इस भीषण हादसे में स्कार्पियो सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक देवरिया जिले के सलेमपुर थाना अंतर्गत शंकर नगर मझौली निवासी हिमांशु (22), यहीं का किशोर कुमार (25), सुधीर (23), सतीश (24), हीरा (25) और अच्छे लाल (27) स्कॉर्पियो से बीती रात झांसी से कानपुर एक्सप्रेस वे होते हुए अपने घर देवरिया जाने के लिए वापस लौट रहे थे। स्कॉर्पियो को किशोर चला रहा था। जबकि अन्य लोग उसी में बैठे थे। शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे यह लोग जैसे ही सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से नीचे कानपुर रोड पर उतरे, तभी आगे जा रही डीसीएम में इनकी स्कॉर्पियो पीछे से जा घुसी। इस हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग उसके अंदर फंस गए। आनन फानन राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन कई लोग बुरी तरह अंदर फंसे हुए थे। इस पर पुलिस ने फायर कंट्रोल रुम को सूचना देकर फायर टीम को बुलाया। मौके पर पहुंची फायर टीम ने स्कॉर्पियो का दरवाजा काटकर चालक और उसके बगल बैठे युवक को बाहर निकाला। बाद में पुलिस ने स्कार्पियो सवार सभी घायलों को आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चालक के बगल वाली सीट पर बैठे हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि अन्य घायलों का लोक बंधु अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला।

ओडीओपी बना आत्मनिर्भरता का आधार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की विकास रणनीति बड़े उद्योगों और निवेश के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी केंद्रित है। वर्ष 2018 में शुरू की गई एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना आज प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों, कारीगरों और छोटे उद्यमियों के आर्थिक सशक्तीकरण का मजबूत माध्यम बन चुकी है। दीपावली के अवसर पर स्थानीय उत्पादों की बढ़ती मांग ने इस पहल को और मजबूती दी है।

मिट्टी के दीये, टेराकोटा कलाकृतियां, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र और सजावटी सामान की खरीदारी से स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बड़ा बाजार मिला है। ओडीओपी के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों के विशिष्ट उत्पादों को चिह्नित कर उन्हें संरक्षण, प्रोत्साहन और बाजार उपलब्ध कराने की पहल की गई। वाराणसी की बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, कन्नौज का इत्र, मुरादाबाद के पीतल उत्पाद, भदोही की कालीन, फिरोजाबाद का कांच उद्योग, सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और गोरखपुर की टेराकोटा कला को नई पहचान मिली है। सरकार ने योजना को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन, आधुनिक पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन से जोड़कर पारंपरिक उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया है।




- **दीपावली पर स्थानीय हुनर और कारोबार को मिली नयी ताकत**
- **75 जिलों के पारंपरिक उत्पादों को मिल रही वैश्विक पहचान**

दीपोत्सव के दौरान स्थानीय उत्पादों की बढ़ी खरीदारी से ओडीओपी से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को विशेष लाभ मिल रहा है। लखनऊ के डालीबाग स्थित खादी भवन परिसर में आयोजित माटी कला महोत्सव में 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जहां मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं और अन्य सजावटी उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। प्रदेश भर से आए कारीगरों और उद्यमियों को यहां अपने उत्पादों की बिक्री के साथ-साथ मार्केटिंग का भी बेहतर मंच मिला। वहीं, यूपीआईटीएस-2025 में ओडीओपी के 466 स्टॉल के माध्यम से 20.77 करोड़ रुपये के बिजनेस लीड और डील प्राप्त हुईं। सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए भी ओडीओपी उत्पादों का प्रचार और बिक्री लगातार बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत ओडीओपी को स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार से जोड़ा गया। ओडीओपी मार्जिन मनी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2018-19 से अब तक 21 हजार से अधिक लाभार्थियों को सहायता दी गई है। इस दौरान 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मार्जिन मनी जारी की गई और 3.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। प्रदेश का कुल निर्यात भी वर्ष 2017-18 के करीब 88 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार वोकल फॉर लोकल के मंत्र के जरिए स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने धनतेरस और धन्वंतरि जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों से ओडीओपी उत्पादों को उपहार के रूप में चुनने और लोकल वाली दिवाली मनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री का कहना है कि ओडीओपी उत्पाद की एक खरीदारी किसी हुनरमंद परिवार के जीवन में स्वावलंबन और सम्मान का दीप जला सकती है। ओडीओपी पहल ने प्रदेश के स्थानीय हुनर को नई पहचान, कारीगरों को सम्मान, छोटे उद्यमियों को बाजार और युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। यह योजना साबित कर रही है कि पारंपरिक कला, स्वदेशी उत्पाद भी प्रदेश के आर्थिक विकास का मजबूत आधार बन सकते हैं।

सारेगामापा के प्रतिभागी दुर्गेश यादव को मिलेगा खास तोहफा



लखनऊ। किसी कलाकार के सफर में उसके गुरु का आशीर्वाद और मार्गदर्शन बेहद अहम होता है। गुरु की सीख और उनका साथ हर कामयाबी को और भी खास बना देता है। संगीत प्रोत्साहन और अपनेपन के इसी जज्बे को दिखाते हुए जी टीवी का सारेगामापा 2026 अपने आने वाले दिवाली स्पेशल एपिसोड में एक ऐसा ही भावुक पल लेकर आ रहा है। हिंदुस्तान का संगीतस्तान बनने के अपने वादे पर खरा उतर रहा यह मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो कंटेस्टेंट दुर्गेश यादव के लिए एक यादगार सरप्राइज पेश करेगा। इस खास मौके पर उनके गुरु पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी भी मौजूद रहेंगे, जिससे दिवाली का यह जश्न और भी खास बन जाएगा।

दुर्गेश लंबे समय से चाहते थे कि उनके गुरु शो में आकर उन्हें आशीर्वाद दें, लेकिन कई कोशिशों के बावजूद ऐसा नहीं हो पा रहा था। दुर्गेश के लिए इस मुलाकात की अहमियत समझते हुए सा रे गा मा पा की टीम ने खास पहल की और उनके गुरु को सेट पर बुलाकर उन्हें सरप्राइज दिया। पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी जी से बातचीत के दौरान जजों ने उनके परिवार के बारे में भी पूछा। इस दौरान पता चला कि दुर्गेश उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे मऊ के रहने वाले हैं। उनके परिवार के पास खेती की थोड़ी सी जमीन है और खेती करके ही घर का गुजारा चलता है। उनके गुरु ने यह भी बताया कि दुर्गेश के घर में टीवी तक नहीं है जिस पर उनका परिवार उन्हें सा रे गा मा पा में गाते हुए देख सके।

सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर रोक के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें

- **तुलसीपुर सीएचसी में पुलिस हिरासत के मरीज की मौत की जांच के आदेश**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण को आदेश दिया है कि वह सरकारी डॉक्टरों के निजीप्रैक्टिस पर रोक के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया किउत्तर प्रदेश सरकारी डॉक्टर (एलोपैथिक) निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध नियमावली, 1983 के नियम-3के अनुपालन कीनिगरानी एक सतत प्रक्रिया की तरह होनी चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने बलरामपुर जनपदके तुलसीपुर सीएचसी में पुलिस हिरासत में ले जाए गए एक व्यक्ति की मृत्यु के मामलेमें जांच के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्तिमंजीव शुक्ला की पीठ ने अंकुर मिश्रा की जनहित याचिका पर ये आदेश दिए। याचिका कीपोषणीयता पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की ओर से पेश अधिवक्ता ने आपत्ति उठायीलेकिन न्यायालय ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एनएचएम को तकनीकी आपत्तिउठाने के बजाय पहले यह देखना चाहिए था कि क्या वास्तव में ऐसी अनियमितता हो रही है और यदि हो रही है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी किसकी है।

वहीं राज्य सरकार की ओर सेबताया गया कि वर्ष 2025 में कुछ डॉक्टरों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरूकी गई थी और कुछ को निलंबित भी किया गया था। न्यायालय ने ऐसी कार्यवाहियों केपरिणाम को भी रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

सुनवाई के दौरान दाखिल पूरक शपथपत्र में बलरामपुर निवासी रंजीत सैनी की पुलिसहिरासत के दौरान तबीयत बिगड़ने और बाद में मृत्यु होने का मामला भी उठाया गया। याचिका में आरोप लगाया गया कि तबीयत बिगड़ने पर उसे उचित और तत्काल चिकित्सासुविधा देने के बजाय सीएचएसी के एक कमरे में बंद कर दिया गया। बार-बार मदद कीगुहार लगाने के बावजूद उसे चिकित्सा सहायता नहीं मिली और कुछ ही घंटों में उसकीमौत हो गई। कहा गया कि घटना के संबंध में पुलिसकर्मी रमेश और देवाशीष मिश्रा कोनिलंबित किया गया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल के कर्मचारियों और अधिकारियों केविरुद्ध कोई कार्रवाई या जांच नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने महानिदेशक को जांच करअगली सुनवाई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

ईसीएचएस हॉस्पिटल में कॉन्क्लेव आयोजित



लखनऊ। मुख्यालय मध्य कमान उत्तर प्रदेश सब एरिया द्वारा ईसीएचएस वार्षिक हॉस्पिटल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। इसमें पैनल अस्पतालों, पूर्व सैनिक समुदाय और ईसीएचएस से जुड़े लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता मेजर जनरल मनीष कुकरेती, जीओसी मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया ने की। चर्चा में समन्वय मजबूत करने, त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं तथा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयोजन में पूर्व सैनिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

पीजीआई कर्मी के सड़क हादसे में निधन पर साथियों ने बढ़ाया मदद की हाथ

लखनऊ। पीजीआई के आउटसोर्स लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार की सड़क हादसे में असामयिक मौत के बाद उनके परिवार की मदद के लिए साथी कर्मचारी आगे आए हैं। मनोज के परिवार में बुजुर्ग मां, दो छोटे भाई और एक बेटी हैं और पिता का साया पहले ही उठ चुका था। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष धर्मेश कुमार और महामंत्री सीमा शुक्ला ने व्हाट्सएप के जरिए आर्थिक सहयोग की अपील की। इस पहल पर वर्तमान व सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दिल खोलकर मदद पहुंचाई, जो मानवता की एक बड़ी मिसाल बन गयी।

कैंसर संस्थान में एमडी पाठ्यक्रम को हरी झंडी

लखनऊ। चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान में अब इलाज के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की फौज भी तैयार की जाएगी। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने संस्थान के रेडिएशन आंकोलॉजी विभाग को एमडी पाठ्यक्रम की पढ़ाई के लिए आधिकारिक मान्यता दे दी है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमडी रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की 5 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

सड़क हादसों में तीन की मौत, पांच घायल


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक स्कॉर्पियो आगे चल रही डीसीएम में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों की हालत गंभीर है। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम के पिछले चार चक्के गाड़ी से अलग होकर बाहर निकल गए। स्कॉर्पियो सवार लोग झांसी से अपने गृह जनपद देवरिया के लिए जा रहे थे। स्कॉर्पियो में छह लोग सवार थे। पांच लोगों का इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है। उधर, विभूतिखंड थाना क्षेत्र में पिकप वाहन बाइक से टकरा गया, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के शंकर नगर मझौली निवासी हिमांशु (22), किशोर कुमार (25), सुधीर (23), सतीश (24), हीरा (25) और अच्छेलाल (27) स्कॉर्पियो से झांसी से घर लौट रहे थे। वे कानपुर एक्सप्रेसवे से जा रहे थे। स्कॉर्पियो किशोर कुमार चला रहा था।

शुक्रवार तड़के करीब 03 बजे वे लोग सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से उतरकर कानपुर रोड पर पहुंचे। उसी दौरान स्कॉर्पियो आगे जा रही डीसीएम में पीछे से जा घुसी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग अंदर फंस गए। पुलिस सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया।

उधर, विभूतिखंड थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गयी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार प्रातः लगभग 09:50 बजे पिकप फ्लाईओवर के आगे पॉलिटेक्निक की तरफ जाने वाले मार्ग पर अपोजिट पराग डेयरी, वेव चौकी के पास पल्सर मोटरसाइकिल से टकरा गया, जिसमें बाइक सवार दो युवक आरिफ पुत्र अनीश (20) व फैजू पुत्र खलील (15) निवासी गुलजार नगर ऐशबाग थाना बाजारखाला की मौत हो गयी। बताते हैं कि हादसे के दौरान ही मोटरसाइकिल सीएनजी पंप के सिलेंडर लदी आईसर डीसीएम से भी टक्कर हो गई। सड़क दुर्घटना केबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार केलि, लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषितकर दिया।

पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी की उपचार के दौरान मौत



लखनऊ। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी की उपचार के दौरान मौत हो गयी। उसे सीने में दर्द की शिकायत थी। बताजा जा रहा है कि शुक्रवार प्रातः आरक्षी महेश कनौजिया (30) को सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना अलीगंज में रात्रि ड्यूटी पर तैनात आरक्षी मिंटू एवं आरक्षी हरीश को दी गई। सूचना पर आरक्षी मिंटू द्वारा थाना अलीगंज की फर्स्ट मोबाइल से आरक्षी महेश कनौजिया को उपचार के लिए नीरा हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें अग्रिम उपचार के लिए लारी कार्डियोलॉजी सेंटर रेफर कर दिया गया। लारी कार्डियोलॉजी सेंटर में चिकित्सकों द्वारा ईसीजी जांच किए जाने के बाद आरक्षी महेश कनौजिया को मृत घोषित कर दिया गया। वह वर्ष 2018 बैच के सिपाही थे। मूलरूप से ग्राम जफरपुर, पोस्ट उमरी बेगमगंज, थाना उमरी बेगमगंज, जनपद गोंडा निवासी थे और वर्तमान में थाना अलीगंज की बैरक में निवास कर रहे थे।

बंदी की पत्नी ने मुलाकात के दौरान किया हंगामा

लखनऊ। जिला कारागार में निरुद्ध एक बंदी की पत्नी ने मुलाकात के दौरान हंगामा के कारण पति की बात न समझ पाने की शिकायत करते हुए वरिष्ठ जेल अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोबारा मुलाकात कराने की मांग की थी। वहीं, दोबारा मुलाकात को लेकर जेलकर्मियों पर मारपीट का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि महिला व पुरुष जेलकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके गले में चोट आई। इस संबंध में उसने गोसाईंगंज थाने में शिकायत दी है। दूसरी ओर, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने मारपीट के आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि युवती नशे की हालत में थी और बंदी से एक बार मिल चुकी थी। दोबारा मिलने की जिद पर बंदी ने ही मिलने से मना कर दिया था।

दीपावली पर चिकित्सा संस्थान अलर्ट 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी इमरजेंसी सेवाएं

- **डाक्टरों और पैरामेडिकल की विशेष ड्यूटी लगी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार त्योहारों के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरत रही है। इसको देखते हुए दीपावली के दौरान संभावित दुर्घटनाओं, आग लगने की घटनाओं, सड़क हादसों और अन्य आपात परिस्थितियों को देखते हुए सभी राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कॉलेजों, संबद्ध चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

सभी मेडिकल कॉलेजों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में इमरजेंसी विभाग, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, एनेस्थीसिया, सर्जरी और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी चिकित्सा सेवाएं चौबीसों घंटे क्रियाशील रखी जाएंगी। सीएमओ डा. एनबी सिंह के अनुसार मरीजों का उपचार की प्राथमिकता के साथ अतिरिक्त बेड और चिकित्सा संसाधनों की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, बर्न यूनिट, एनेस्थीसिया, सर्जरी, मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभागों के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, तकनीशियनों एवं अन्य कर्मचारियों का ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्था भी उपलब्ध रखा जाएगा।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डा. बीकेएस चौहान के अनुसार रोस्टर अनुसार विशेषज्ञ डाक्टरों की ड्यूटी रहेगी। आलमबाग स्थित सौ शैय्या अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह ने बताया कि डाक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाने का काम पूरा हो चुका है। इसी प्रकार लोकबंधु, रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय, महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल को क्रियाशील रखा जाएगा।

संक्षेप

गगां एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गंगा एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 430 के पास शुक्रवार को एक बाइक सवार युवक सड़क हादसे में घायल हो गया। घायल की पहचान फयाज पुत्र हाजू निवासी हरियावर, थाना बांगरमऊ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि फयाज बाइक से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेसवे के 430 किलोमीटर के पास वह हादसे का शिकार हो गए और उन्हें चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल मदद की और यूपीडा की एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उन्नाव जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।पुरवा रोड पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से विजय नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह शीतलगंज, पुरवा का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि विजय पुरवा रोड से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से उन्हें उन्नाव जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है।

डेंगू के दो नए मरीज मिले, आंकड़ा पहुंचा 54 पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को दो नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही इस सीजन में जिले में डेंगू संक्रमित मरीजों की कुल संख्या 54 हो गई है। नए मरीजों में कबूलपुर जाजमऊ निवासी दो साल का बच्चा और माखी क्षेत्र का 44 वर्षीय युवक शामिल है, दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।जिला अस्पताल में शुक्रवार को बुखार के छह मरीज भर्ती रहे, जिनमें से एक की हालत बिगड़ने पर उसे इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट किया गया। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों ने नौ संदिग्ध मरीजों की डेंगू जांच कराई, जबकि मलेरिया की आशंका में 14 लोगों के सैंपल लिए गए, जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई।शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में कुल 855 मरीज पहुंचे, जिनमें अधिकतर बुखार, सर्दी-जुकाम और मौसमी बीमारियों से पीड़ित थे। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि बुखार आने पर खुद से दवा न लें, बल्कि डॉक्टर से संपर्क करें।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, पुराने टायर और छतों पर रखे बर्तनों में जमा पानी को नियमित रूप से साफ करें, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। विभाग ने सभी से साफ-सफाई रखने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

गैस सिलेंडर लीक से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक, बाल-बाल बचा परिवार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के तालिब सराय मोहल्ले में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 7 बजे रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने के बाद एक घर में आग लग गई। गनीमत रही कि हादसे के समय घर में मौजूद महिला और चार बच्चे सुरक्षित बाहर निकल आए, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार, तालिब सराय निवासी यूनुस एक फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। शुक्रवार सुबह घर में चाय बनाई जा रही थी, तभी अचानक सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते गैस ने आग पकड़ ली और पूरे घर में फैल गई।

आग की तेज लपटें देखकर परिवार में अफरा-तफरी मच गई। सभी लोग जान बचाकर घर से बाहर भागे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पानी और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।पीड़ित परिवार के मुताबिक, इस आग में फ्रिज, टीवी, अलमारी, बिस्तर, नए कपड़े, रसोई में रखा राशन और बक्सा समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। बक्से में रखे 11 हजार रुपये नकद भी जल गए। परिवार ने करीब 80 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज प्रतिबंध के बावजूद एलिवेटेड एक्सप्रेस वे से वापस लौट रहे एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।जिसको गंभीर अवस्था में सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारासगवर थाना क्षेत्र के नरपत खेड़ा गांव निवासी कुंवर बहादुर पुत्र श्रीराम लखनऊ में शटरिंग लगाने का ठेका लेता था। गुरुवार की देर शाम लखनऊ से वापस लौटते समय एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 60.9 निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी ।जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे लोहचा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जामा तलाशी में उसके पास मिले आधार कार्ड से पुलिस ने उसकी पहचान करा परिजनों को घटना की सूचना दी है। पति की मौत की खबर मिलते पत्नी अनीता रो -रोकर बेहाल रही। चचेरे भाई शिव बोधन ने बताया कि कुंवर बहादुर के तीन बच्चे सूरज , शिवांश व पिंटू है।

तीसरे दिन ही उखड़ने लगी नहर पटरी की सड़क, रातों-रात कराई गई पैचिंग भी नहीं टिकी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही क्षेत्र में पुरवा ब्रांच नहर पटरी पर मुर्तजानगर से सराय कटियान तक कराए गए डामरीकरण की गुणवत्ता की पोल महज तीसरे दिन ही खुल गई। करीब 1200 मीटर लंबी सड़क का निर्माण मंगलवार को पूरा हुआ था। गुरुवार को ही सड़क कई जगह से उखड़ने और क्षतिग्रस्त होने लगी। ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसके बाद विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि वीडियो प्रसारित होने के बाद रातों-रात पूरी सड़क पर पैचिंग वर्क कराया गया। करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पैच लगाए गए, लेकिन शुक्रवार को ही कई जगह पैच भी टूटने लगे। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं ।ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी की है। सड़क की चौड़ाई कहीं कम तो कहीं अधिक है। इसके अलावा मार्ग समतल न होने से जगह-जगह ऊबड़-खाबड़ स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है। कि सड़क पर बाइक से गुजरना भी मुश्किल हो रहा है। पीछे बैठा व्यक्ति झटकों से उछलने को मजबूर है। पुराने मार्ग की समुचित खुदाई कराए बिना ही थोड़ी-बहुत गिट्टी डालकर ऊपर से मामूली डामरीकरण कर दिया गया। यही वजह है कि सड़क निर्माण के दूसरे दिन से ही टूटने लगी। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है। कि सरकारी धन खर्च होने के बावजूद सड़क की हालत ऐसी है कि चंद दिनों में ही उसकी मरम्मत करानी पड़ रही है। ऐसे निर्माण से जनता को सुविधा मिलने के बजाय परेशानी उठानी पड़ रही है। फिलहाल नहर पटरी की सड़क का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जेवर व नगदी समेत किशोरी हुई लापता दर्ज हुआ मुकदमा



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गाँव के ही एक युवक मेरी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गयो महिला ने थाने में तहरीर दिया कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री 5 नवंबर 2026 को सुबह करीब 10 बजे गाँव का ही रहने वाला गौरव पुत्र चंद्र प्रकाश बहला-फुसलाकर अपनी मोटरसाइकिल से कहीं भगा ले गया।घर में रखे 60,000 रुपये नकद तथा सोने के जेवर चैन, अंगूठी, झुमकी और मंगलसूत्र भी लेकर गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

बंद कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया लाखो का कीमती सामान

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में बीती रात बेखौफ चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पीडब्ल्यूडी से सेवानिवृत्त वृद्ध के बंद कमरे का ताला तोड़कर नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत लगभग चार से पांच लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, हरिहरपुर निवासी मनीराम पुत्र गंगाराम वर्ष 2020 में पीडब्ल्यूडी से सेवानिवृत्त हुए थे और घर पर अकेले रहते हैं। बीती रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। शातिर चोरों ने बाकी कमरों के बाहर से कुंडी लगा दी ताकि कोई बाहर न निकल सके।इसके बाद चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्से व अलमारी के ताले चटका दिए।

पीड़ित मनीराम के अनुसार, चोर घर में रखी लगभग एक किलो चांदी, एक तोले से अधिक सोने के आभूषण और करीब 40 हजार रुपये की नगदी समेट ले गए। चोरी गए कुल सामान की कीमत लगभग चार से पांच लाख रुपये आंकी जा रही है। सुबह जब घर के लोग जागे और कमरों के दरवाजे बाहर से बंद मिले, तब घटना का पता चला। अंदर का नजारा देख परिजनों के होश उड़ गए; सारा सामान अस्त-व्यस्त बिखरा पड़ा था।

पीड़ित ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाए। पीड़ित ने बताया कि किसी पर नामजद शंका नहीं है, लेकिन थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दी गई है। मामले में बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है।

सड़क हादसे में मुख्य आरक्षी घायल, हायर सेंटर रेफर



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे मोड़ पर ड्यूटी कर वापस लौटते समय तेज रफ्तार कार ने पी आर वी के हेड कांस्टेबल की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से घायल मुख्य आरक्षी को यहां के सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया बेहटा मुजावर थाने में तैनात पी आर वी मुख्य आरक्षी अजीत सिंह 40 वर्ष पुत्र रणवीर सिंह शुक्रवार की सुबह गंगा एक्सप्रेस वे पर शिफ्ट बदलने के बाद बाइक से वापस बांगरमऊ आ रहे थे। तभी रास्ते में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे मोड़ के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने पुलिसकर्मी की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पुलिसकर्मी गंभीर घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे यहाँ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बेहटा थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिसकर्मी हेलमेट लगाए था।जिससे मुख्य आरक्षी की जान बच गई। फिलहाल घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।

धनतेरस-दीपावली पर शहर में रूट डायवर्जन लागू, 8 नवंबर तक भारी वाहनों की नो एंट्री

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। धनतेरस और दीपावली पर्व पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया है। जाम से राहत दिलाने के लिए शुक्रवार से 8 नवंबर तक रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। एसएसपी जयप्रकाश सिंह की ओर से जारी यातायात एडवाइजरी के अनुसार गांधी नगर तिराहे से शहर के अंदर आने वाले ई-रिक्शा, ऑटो और कमर्शियल चार पहिया वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इन वाहनों को गदनखेड़ा चौराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। हरदोई ओवरब्रिज से आईबीपी चौराहे की ओर आने वाले ई-रिक्शा और ऑटो को प्रकाश गेस्ट हाउस की ओर भेजा जाएगा। पुलिस ऑफिस तिराहे से बड़ा चौराहा की ओर जाने वाले ई-रिक्शा और ऑटो को भी प्रवेश नहीं मिलेगा। इन्हें प्रकाश गेस्ट हाउस तिराहा और हरदोई ओवरब्रिज होते हुए लखनऊ बाईपास भेजा जाएगा। हुसैन नगर चौराहे से आईबीपी चौराहे की तरफ आने वाले वाहनों को छतुरिया कुआं से वापस किया जाएगा। गदनखेड़ा से शहर की ओर आने वाले भारी और कमर्शियल वाहनों को वकीलों के मैदान होते हुए नहरिया कट से मगरवारा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। वहीं मगरवारा से शहर आने वाले वाहनों को नहरिया कट से वकीलों के मैदान होते हुए गदनखेड़ा चौराहे की तरफ भेजा जाएगा। दोनों दिशाओं से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि त्योहार पर खरीदारी के लिए निकलने से पहले रूट प्लान जरूर देख लें और यातायात नियमों का पालन करें।

विद्यालय परिसर में लगा हैंडपंप खराब प्रधान शिक्षिका ने दिया पत्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड बिछिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सकरन की प्रधानाध्यापक ने विद्यालय परिसर में लगे जर्जर हैंडपंप ध्वस्त पड़ा होने की समस्या को बीडीओ को लिखित शिकायत पत्र देकर शीघ्र समस्या के समाधान कराए जाने की मांग की है।

मामला विकास खण्ड के गांव सकरन स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका शमीमा खातून ने खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विद्यालय में 116 बच्चे नामांकित हैं। विद्यालय परिसर में सिर्फ एक ही हैंड पम्प लगा है। जो कि पानी की समस्या निरन्तर बनी रहती है पानी बंद होता रहता है। हैण्डपम्प की चेन भी टूटी है। समर्सिबल पम्प भी जल चुका है। ग्राम प्रधान की आकस्मिक मौत के बाद विद्यालय के समस्त कार्य बाधित हैं। विद्यालय परिसर में सिर्फ एक हैंडपंप लगा है वह भी जर्जर हालात में हैं। जिससे पानी की भीषण समस्या होने से शासन की प्रमुख योजना एमडीएम तक की योजना बाधित होने की समस्या को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की है।

एडीओ पंचायत उदयवीर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है जल्द ही मरम्मतीकरण करवा दिया जाएगा।

महिला ने अपने पति पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मांखी पुलिस को दी गयी तहरीर में ज्योति रावत पुत्री सुंदर लाल निवासी देवगन मऊ सफीपुर ने आरोप लगाया कि पति अमित कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी जगदीश खेडा सफीपुर के साथ शादी हुई थी और चार पांच सालों से पति से अलग रह रही है और उसका पति के साथ बिवाद चल रहा है बुधवार को वह चकलवंशी कस्बा आ रही थी जिस पर पति अपने अन्य साथियों के साथ पीछा करते हुए पहुंचा जब वह एक दुकान पर सामान खरीद रही थी तो पीछे से आया और जान से मारने की नियत से पकड लिया उसके हाथ में अवैध तमंचा था तभी ग्रामीणों को देख वह धमकी देते हुए मौके से भाग निकला पीडिता का कहना है कि वह शिक्षिका है और उसका अकेले आना जाना लगा रहता है जिससे पति से जान का खतरा लगा रहता है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर अमित कुमार और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

सड़क पार कर रहे वृद्ध को ट्रक ने मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के लखनऊ रोड चौराहे पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को यहां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम कुण्डा निवासी मन्नी लाल(62)पुत्र बदलू आज शुक्रवार लखनऊ रोड चौराहा पर सड़क पार कर रहा था। तभी लखनऊ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह कई फीट दूर जाकर गिरा और उनके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने तत्काल घायल को उठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में मातम छा गया।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नागरिकों ने लखनऊ चौराहे पर आए दिन होने वाले हादसों पर चिंता जताते हुए कहा कि यहां तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड और पुलिस की नियमित चेकिंग जरूरी है। लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की भी मांग की है।

दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक, रंग बिरंगी ,सुंदर एवं आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रभारी शिक्षिका गीता यादव की देखरेख में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा 8 की छात्रा निधि गौतम ने प्रथम स्थान ,कक्षा 7 की छात्रा ऊषा ने द्वितीय स्थान व कक्षा 6 की छात्रा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षक संकुल देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का होना जरूरी है। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संदेश दिया व बच्चों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी ।इस अवसर पर प्रभारी शिक्षिका गीता यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह ,कौशलेंद्र कुमार, ठाकुर प्रसाद यादव ,शिखा सिंह, अभिषेक तिवारी, संतोष कुमार सिंह, सर्वेश वर्मा शिक्षकों सहित बच्चे उपस्थित रहे।

ग्राम समाज की जमीन पर भू माफिया कर रहे कब्जा ग्रामीणों ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। करीब तीन दशक से आशियाना बनाकर रह रहे अनेक ग्रामीणों ने कुछ भूमाफिया किस्म के लोगों पर ग्राम समाज की भूमि हथियाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम कटरी गदनपुर आहार के मजरा धन्नापुरवा निवासी लल्लू सिंह, बबली, रामनरेश, विनोद, सर्वेश, लालाराम सहित अन्य कई ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उपजिलाधिकारी बांगरमऊ के नाम शिकायती पत्र देकर बताया है कि उनका गांव वर्ष 1998 में गंगा नदी के कटान से कट गया था। बताया कि डीएम के आदेश पर ग्रामीण लोकई पुरवा गांव से 400 मीटर दूर ऊंचे टीले पर घर बनाकर रहने लगे। आरोप है कि गांव के ही कुछ व्यक्तियों के संरक्षण में लखनऊ के लगभग दो दर्जन लोगों ने नीम, शीशम और अन्य प्रजातियों के हजारों पेड़ उखाड़ दिए हैं और गोबर डालने वाली व उपले रखने वाली जगहों को जबरन छीन रहे हैं। विरोध करने पर जान माल की धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने आबादी को जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि भूमि कब्जाने वाले लोग आए दिन मौके पर शराब पार्टी कर नसे में गांव की महिलाओं के साथ भी अभद्रता करते है।

सम्पादकीय

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपये पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः वेतनभार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1,44 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1,88 लाख रुपये पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। इंफोसिस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में वही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहास शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य है।

दीपावली मनाएं लेकिन सेहत और पर्यावरण भी संभालें



पर्व

डॉ. संजय शुक्ला

दीपावली यानि रोशनी और उमंग का त्योहार जो जीवन को अंधकार से उजियारे की ओर ले जाता है। यह पर्व भारत ही नहीं वरन दुनिया के कई देशों में उत्साह के साथ मनाया जाता है। भारतीय समाज अपने सभ्यता के विकास से ही उत्सवधर्मी रहा है, दीपावली ऐसा त्यौहार है जिसमें हर कोई व्यंजन, कपड़े से लेकर रोशनी और आतिशबाजी में अपने आर्थिक सामर्थ्य के अनुरूप खर्च करता है। बिलाशक हर पर्व हमारे जीवन में उमंग और तरंग भरते हैं लेकिन इन त्योहारों के दौरान हमें कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिए ताकि सेहत और पर्यावरण सुरक्षित रहे तभी इन उत्सवों का महत्व है। पांच दिनों के दीपावली त्योहार में हर दिन का अपना अलग महत्व है जिसमें पुरातन संस्कृति,अध्यात्म,आरोग्य, सौंदर्य ,समृद्धि, प्रकृति संरक्षण, ग्राम्य संस्कृति, पशुधन,लोक परंपरा, भाई- बहन के प्रेम का अद्भुत मेल है। इस त्योहार का सीधा संबंध रोजगार और अर्थव्यवस्था से भी है जो देश और समाज को आर्थिक तौर पर मजबूत करता है। वह पर्व धार्मिक और सामाजिक समरसता और समता को भी प्रेरित्साहित करता है जो हमारी सदियों पुरानी विरासत है।

बहरहाल इस त्योहार की सार्थकता तभी है जब हम कुछ सावधानियों और जवाबदेही के साथ दीपों के उत्सव को मनाएं। पांच दिनों के दीपावली में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है क्योंकि इस दौरान हम क्या खा रहे हैं? कितना खा रहे हैं? इसका अंदाजा ही नहीं लग पाता। दीपावली का सीधा संबंध मिठाई और नमकीन से है लेकिन इस समय बाजार में बिकने वाले दूध से बनी मिठाईयों और मावा यानि खोया में मिलावट की सर्वाधिक आशंका होती है। सरकार और प्रशासन के तमाम कोशिशों के बावजूद बीते कुछ सालों में मिलावटी, दूषित, गुणवत्ताहीन और नकली ब्रांड वाले खाद्य पदार्थों के मामले लगातार बढ़ रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस त्योहारी सीजन में बाजार में बिकने वाले खाने-पीने के 60 से 65 फीसदी वस्तुओं में मिलावट होती है जो सेहत को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

दीपावली सहित अन्य प्रमुख त्योहारों के समय मिलावटी या नकली खोया की सबसे ज्यादा खबरें प्रकाश में आती है। इस दौरान मांग की तुलना में खोया के कम उत्पादन का फायदा नकली और मिलावटी खोया बेचने वाले उठाते हैं जो अपने अनैतिक कमाई के लालच में लोगों की जान खतरे में डालने से भी नहीं हिचकते। नकली खोवा बनाने के दूध में यूरिया, डिटर्जेंट, कास्टिक सोडा और मैलामाइन पावडर मिलाया जाता है। मिलावटी खोवा में स्टार्च, आरोवीडीन,आरारोट, सिंघाड़े का आटा, मैदा, टेल्कम पावडर और दूध पावडर इत्यादि मिलाया जाता है। नकली और मिलावटी खोया से उल्टी-दस्त, अपचन, पाचनतंत्र से संबंधित रोग, लिवर और किडनी के रोग होते हैं। इसके अलावा मिठाईयों में एल्यूमिनियम का वर्क, प्रतिबंधित रंगों और एसेंस तथा सैक्रिन के प्रयोग से सेहत संबंधी दिक्कतें आती है। बहरहाल दीपावली के सीजन में जहां तक संभव हो घर की बनी मिठाईयों या बिना मिलावट की संभावना वाली मिठाईयों का सेवन करना चाहिए ताकि सेहत सलामत रहे। चूंकि इस दौरान शक्कर और घी-तेल से बनी चीजों का ज्यादा सेवन होता है जबकि शारीरिक श्रम इस तुलना में कम होता है लिहाजा सेहत की दृष्टि से नियमित व्यायाम और योग जरूर करें।



दीपावली पटाखों का भी त्योहार है लेकिन पटाखे जहां सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो रहे है वहीं इससे वायु और ध्वनि प्रदूषण में भी इजाफा होता है। इसके अलावा पटाखे पालतू पशुओं और इकोसिस्टम को भी प्रभावित करते हैं। पटाखों के धुंए और शोर से मुख्य रूप से फेफड़ों, हृदय, आंख,कान और त्वचा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है वहीं असावधानी वश पटाखे चलाने से जलने की घटनाएं आम है। इन परिस्थितियों में आवश्यक है कि हम सेहत और पर्यावरण के लिहाज से सुरक्षित पटाखों का उपयोग सावधानी पूर्वक करें ताकि यह खुद के साथ समाज के लिए भी परेशानी का सबब न बनें। गौरतलब है कि पटाखे का निर्माण बेरियम, पोटेशियम, सल्फर, कार्बन, नाइट्रेट, लिथियम एल्युमिनियम और तांबा जैसे रसायन और धातुओं से किया जाता है जो तेज आवाज ,रोशनी और धुंआ पैदा करते हैं।

आमतौर पर अक्टूबर - नवंबर के महीने में तापमान कम होने के कारण नमी बढ़ जाती है। नमी की वजह से पटाखों से उत्पन्न विषैली रासायनिक धुंआ वातावरण में नीचे बैठ रहते हैं जो बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा पीड़ित मरीजों के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। पटाखों से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण हवा में पर्टिकुलेट मैटर के साथ भारी धातुएं भी सांस के द्वारा शरीर में पहुंच जाती है जिससे अल्जाइमर सहित अन्य न्यूरोलॉजिकल बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। पटाखों से निकलने वाले तेज आवाज कान और हृदय के अलावा मस्तिष्क पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के लिए 125 डेसीबल तक के आवाज को अधिकतम सीमा निर्धारित की है लेकिन पारंपरिक पटाखों का शोर 160 डेसीबल से भी ज्यादा होता है जिसके फटने से आदमी के दिल और घरों को नुकसान होता है लेकिन लोग इससे बेपरवाह होकर पटाखे चलाने से परहेज नहीं करते।

सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने पटाखों के धुंए और शोर से होने वाले नुकसान के मद्देनजर पटाखे छोड़ने का समय रात 8 बजे से 10 बजे तक नियत करते हुए अधिकतम 125 डेसीबल आवाज वाले इकोफ्रेंडली ग्रीन पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग की अनुमति दी है लेकिन यह सब सिर्फ कागजों पर ही सीमित हैं। देश की राजधानी के हालिया दमघोंटू प्रदूषण के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने चेरियम चुक्त पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग को दिल्ली - एनसीआर सहित समूचे देश में प्रतिबंधित किया गया है। अलबत्ता पटाखों से होने वाले नुकसान के लिए अकेले सरकार और प्रशासन ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम नागरिक भी जवाबदेह हैं जो पटाखों पर तय तमाम निर्देशों और बंदिशों को धता बताकर देर रात से लेकर अल सुबह तक तेज आवाज और घातक धुंआ फैलाने वाले पटाखे चलाकर यह त्योहार मनाते हैं फलस्वरूप बुजुर्गों, बच्चों और पशु - पक्षियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अलबत्ता दीपावली है तो पटाखे छूटेंगे ही लेकिन इस दिशा में थोड़ी सावधानी और जवाबदेही भी बरतनी चाहिए ताकि खुद के साथ अन्य लोगों को तकलीफों का सामना करना न पड़े।

दीपावली दीपों और रोशनी का पर्व है बदलते दौर में बाजार में चाइनीज प्लास्टिक दीयों, एलईडी लाइट्स अन्य सजावटी वस्तुओं की भरमार है जो सीधे तौर पर भारतीय व्यापार, ग्रामीण कुटीर उद्योग के साथ ही पर्यावरण के लिए भी नुकसानदेह है। गौरतलब है कि मिट्टी से बने लक्ष्मी - गणेश की मूर्ति, दीये और बर्तन जहां पर्यावरण के लिहाज से उत्तम है वहीं शास्त्र के अनुसार भी जरूरी है क्योंकि मिट्टी को पवित्र माना गया है। दूसरी ओर प्लास्टिक मूर्ति, दियों और अन्य सजावटी वस्तुओं से भूमिगत पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है क्योंकि ये बायोडिग्रेडेबल नहीं होते जो भूजल और जमीन की उर्वरता को प्रदूषित और प्रभावित करता है। चीन आयातित सामानों के बढ़ती खपत और बिक्री के कारण देश के कुम्हारों के सामने जहां रोजगार का संकट पैदा हो रहा है वहीं उनकी नयी पीढ़ी अपने परंपागत व्यवसाय से दूर हो रहा है। दरअसल नयी पीढ़ी का अपने परंपरा से दूर होना केवल व्यवसाय से जुड़ा मसला नहीं है बल्कि यह पारंपरिक कला और हुनर के क्षरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा भी है। लिहाजा हर नागरिक को स्वदेशी निर्मित दीपावली समानों के साथ यह त्योहार मनाना चाहिए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी दीपावली का उजियारा आलोकित हो सके तभी इस महापर्व की सार्थकता है।आखिरकार खुशियां बांटने से ही असली खुशी मिलती है।

ज्ञान का अभिषेक



संकलित

दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा भी ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए स्थान प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी



संकलित

प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहां भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ठ मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन सम्पत्ति को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। वही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

धनतेरस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया

पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है। धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए, तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक कृष्ण दशमी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीठम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुलौधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेरुलुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगले में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टुवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है। यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज लगभग आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन को परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की जान हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इनमें शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल को बीमारियों से बचाना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, दिल और ताकत से धड़कता होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और खुश रहना सीखना होगा। - अजय वर्मा, धनबाद

टेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पुण्यतिथि पर उन्हें कोटी कोटी श्रद्धांजलि। उनके हृदयस्पर्शी लेखनी के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही खूबसूरत ढंग से गहन तरीके। - जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'एकिडा' कठमान, जिन्हें जनता ने चुनकर दिया है, संसद के सम्मान, लोकतंत्र की अस्मिता, प्रतिष्ठा और अखंडता की रक्षा में कोई भी समझौता नहीं करेंगे। - योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकित भंडारी के अपहरण के बाद की गई कार्रवाई, उसकी सुरक्षित वापसी और दो दोषियों के गिरफ्तार को स्वागतयोग्य कदम है। बेटियों के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसके लिए न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी। - किरण यादव, सांसद, लोस

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और साहस के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन आज सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका ताजा उदाहरण है। - वरुण पालवट, पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश

इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके वुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं।



ऑफ बीट

जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल केंद्रीय ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं।



संक्षेप

चकरोड बंद करने की धमकी का आरोप, थाने में शिकायत

खेत के बंटवारे को लेकर पट्टीदारों से विवाद, मौके पर जांच कराने की मांग

अमेठी ,कमरौली थाना क्षेत्र के बरसंडा गांव में खेत के बंटवारे और रास्ते को लेकर विवाद सामने आया है। एक महिला ने पट्टीदारों पर खेतों के बीच से गुजरने वाले चकरोड को बंद करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत दी और रास्ता बंद होने से रोकने की मांग की। ग्राम पट्टी, मौजा बरसंडा निवासी इसरतुल निशा पत्नी राशिद अहमद ने शिकायत में बताया कि उनके पट्टीदार मुसब्बित अली पुत्र साबिर अहमद खेतों के बीच से गुजरने वाले चकरोड को जोतकर बंद करने की बात कह रहे हैं। महिला के मुताबिक, रास्ता बंद होने से परिवार के लोगों को आवागमन में परेशानी होगी। महिला ने खेत का बंटवारा नहीं होने देने और पूरी जमीन पर अकेले कब्जा बनाए रखने की बात कहे जाने की भी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि उनके पति बुजुर्ग हैं और लकवे से पीड़ित हैं। वह मजदूरी करके परिवार का खर्च चलाती हैं। परिवार को गांव के बाहर रहना पड़ रहा है। इसरतुल निशा ने पुलिस से मौके पर जांच कराने, चकरोड को बंद होने से रोकने और खेत का नियमानुसार बंटवारा कराने की मांग की है।उपनिरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जनगणना-2027 के चरण तय

स्व-गणना 16 से 30 नवंबर 2026 तक, घर-घर गणना 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक होगी

अमेठी ,जनगणना-2027 के लिए तीन चरण तय किए गए हैं। स्व-गणना 16 से 30 नवंबर 2026 तक होगी। इसके बाद घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी। स्व-गणना के दौरान परिवार अपनी जानकारी पर ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। जनसंख्या गणना 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक होगी। इस दौरान गणनाकर्मी घर-घर पहुंचकर जानकारी जुटाएंगे। 5 से 9 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण चरण चलेगा। इसमें दर्ज जानकारी का दोबारा सत्यापन किया जाएगा यह जानकारी डीएम अमेठी के कैंप कार्यालय और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति सिंह के कार्यालय में हुई बैठक के अनुसार जारी की गई।

पुआल रखने के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

सात लोग घायल; बाइक और घरेलू सामान को नुकसान, पुलिस ने कई लोगों पर केस दर्ज किया

अमेठी ,धान का पुआल रखने को लेकर हुए विवाद में आठ-दस लोगों ने एक घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला किया। मारपीट में सात लोग घायल हुए। बाइक और घर का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला जगदीशपुर के कमरौली थाना क्षेत्र के पूरे बबुईन मजरे रसूलपुर गांव का है। गांव के निवासी मोहम्मद साहीम के मुताबिक, पुत्तन जमीन पर धान का पुआल रख रहे थे।

श्रीराम चौक का हुआ उद्घाटन,लगे जय श्री राम के नारे

महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज ने किया प्रतिमा का अनावरण

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। शहर के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा में रामघाट मंदिर के समीप आस्था और उत्साह के बीच भव्य श्रीराम चौक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज ने श्रीराम चौक का उद्घाटन करते हुए भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा के अनावरण के साथ ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की।उद्घाटन समारोह में महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी जी महाराज का श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा के अनावरण के दौरान लोगों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इसे मोहल्ले के लिए गौरव और धार्मिक आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर बताया।

कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन मोहल्ला गुलाम अलीपुरा की सभासद श्रीमती ज्योति जायसवाल ने किया। उन्होंने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया। उनकी सक्रिय भूमिका समारोह के आकर्षण का प्रमुख हिस्सा रही।

इस भव्य आयोजन में बहराइच सांसद डॉ आनंद गौड़, सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, एमएलसी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकरीवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करणवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य संजय जायसवाल, गुलाम अलीपुरा सभासद प्रतिनिधि आकर्ष जायसवाल, छात्र नेता युवराज यज्ञसैनी, निवरो प्रताप सिंह, समाजसेविका निशा शर्मा, गौरव गुप्ता, नितिन एवं जतिन यज्ञसैनी सहित तमाम जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने श्रीराम चौक के उद्घाटन समारोह में सहभागिता की। रामघाट मंदिर के समीप स्थापित श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा और श्रीराम चौक स्थानीय क्षेत्र की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक पहचान के रूप में विशेष महत्व रखेंगे।

छात्रों ने दिवाली पर बनाई पेंटिंग

कैसरगंज के स्कूल में वान्या एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के आर्ट फेस्ट में मिले पुरस्कार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। शुक्रवार को कैसरगंज तहसील के जरवल स्थित पीएमश्री उप्रावि भौली में वान्या एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट, बहराइच ने आर्ट फेस्ट कराया। इसमें स्कूल के जूनियर सेक्शन के विद्यार्थियों ने अपनी कला दिखाई। दिवाली से पहले हुई चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वदेशी अपनाने और स्थानीय दुकानदारों को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर पेंटिंग बनाई। उन्होंने दीये, रंगोली और रोशनी से सजे घरों के चित्र भी बनाए। निर्णायक मंडल ने रीना, राधा, विनायक, नाजनी, सोनी कश्यप और महक समेत अन्य बच्चों की पेंटिंग की सराहना की। प्रतियोगिता में छात्रों को पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम में ट्रस्ट की मुख्य कार्यकारी डॉ. रेणुका चौधरी ने कहा कि इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ रचनात्मक कामों से जोड़ना है। साथ ही, उन्हें भारतीय त्योहारों की परंपरा, संस्कृति और पर्यावरण के अनुकूल दिवाली के महत्व के बारे में बताना है

इस मौके पर इंचार्ज शिक्षक अनिल वर्मा, नरोत्तम सेंगर, अर्चना पांडेय, जसीम अहमद, संध्या श्रीवास्तव, रामचन्द्र और मनसुखलाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सबलापुर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाई गई धन्वंतरि जयंती



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर में शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर भगवान धन्वंतरि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्राचार्य डा. सतीश चंद्र तिवारी, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, डीएमएस डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी डा. पवन वर्मा, डा. संदीप वर्मा, डा. मनीष शुक्ला, डा. शालू, सीएल विश्वकर्मा और महेंद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। सभी ने आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पटाखा दुकानों का सीओ ने किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के पालन के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। दीपावली पर्व पर पटाखों की बिक्री के दौरान आगजनी एवं किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव एवं कोतवाली प्रभारी राजकुमार पांडेय ने कैसरगंज रामलीला ग्राउंड एवं नवीन गल्ला मंडी में पटाखा दुकानों के लिए निर्धारित स्थलों का निरीक्षण किया। 7 नवंबर से शुरू होने वाली पटाखों की दुकानों को देखते हुए अधिकारियों ने एक दिन पूर्व स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दुकानदारों को पटाखों के सुरक्षित रखरखाव, अग्नि सुरक्षा के उपायों तथा बिक्री के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित नियमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें, ताकि दीपावली के त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे और आमजन सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

पीढ़ी चौराहे पर हादसा; सिर-पैर में चोट, लखनऊ रेफर, चालक वाहन लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पीढ़ी चौराहे पर शुक्रवार दोपहर बाइक और बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे बिरसिंहपुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। जयसिंहपुर थाना के मसीरपुर गांव निवासी सूरज गुप्ता (22) पुत्र श्रवण कुमार गुप्ता शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से कूरेभार की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान पीढ़ी चौराहे पर बोलेरो से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चौराहे पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायल को बिरसिंहपुर अस्पताल भिजवाया और पीढ़ी पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो चुका था। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों में सूरज की गंभीर हालत देखकर अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सकों के रेफर करने के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ लेकर चले गए।

पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के आरोपी को गोली लगी

तीन साथी गिरफ्तार, पुलिस ने उपकरण जब्त किए

अमन लेखनी समाचार



अमेठी ,काजीपट्टी गांव के पास देर शाम पुलिस और गौकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में तसव्वर उर्फ छोटू के पैर में गोली लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गौकशी की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

पुलिस के मुताबिक, गौरीगंज कोतवाली को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गौकशी करने जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम रायबरेली रोड पर काजीपट्टी गांव के पास पहुंची। पुलिस का कहना है कि इस दौरान आरोपियों ने टीम पर फायरिंग कर दी।


तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने जुम्मन पुत्र सिद्दीक उर्फ सद्दीक, निवासी गुवावा, थाना गौरीगंज; वाजिद पुत्र वली मोहम्मद उर्फ मालिक, निवासी थाना गौरीगंज; और आरिफ पुत्र शरीफ, निवासी बादल का पुरवा, मजरे नरौली, थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से गौकशी के उपकरण और एक गाय मिलने की बात कही है। घायल तसव्वर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के अध्यक्ष बने नोमान

गोरखपुर की नसरा उपाध्यक्ष पद पर जीतने वाली पहली महिला

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 8 साल बाद हुए छात्रसंघ चुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। अध्यक्ष पद पर मोहम्मद नोमान अशरफ और उपाध्यक्ष पद पर नसरा नईम ने जीत हासिल की है। वहीं, मानद सचिव पद पर मोहम्मद हमदान चुने गए हैं। नसरा नईम छात्रसंघ के इतिहास में पहली महिला उपाध्यक्ष बनी हैं। शुक्रवार सुबह नतीजे घोषित होते ही कैंपस में जश्न शुरू हो गया। विजेता प्रत्याशियों के समर्थकों ने पटाखे फोड़े, ढोल-नगाड़े बजाए और नारेबाजी की। 19 दिन तक चले छात्र आंदोलन और भूख हड़ताल के बाद चुनाव होने से छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला।

4,121 वोट से जीते नोमान अशरफ

अध्यक्ष पद पर पीएचडी के छात्र मोहम्मद नोमान अशरफ को 7,797 वोट मिले। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद इंतखाब को 4,121 वोटों से हराया। इंतखाब को 3,676 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर नसरा नईम ने 7,091 वोट हासिल किए। उन्होंने साकिब अली खान को 1,273 वोटों से हराया। साकिब को 5,818 वोट मिले। वहीं, मानद सचिव पद पर मोहम्मद हमदान 8,385 वोट पाकर विजयी हुए। उन्होंने अहमद फराज राजी को 1,503 वोटों से हराया। राजी को 6,882 वोट मिले। तीनों प्रमुख पदों पर विजेताओं में सबसे ज्यादा वोट हमदान को मिले।

एएमयू को मिली पहली महिला उपाध्यक्ष

लॉ फैकल्टी की छात्रा नसरा नईम एएमयू छात्रसंघ के इतिहास में पहली महिला उपाध्यक्ष बनी हैं। मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली नसरा लखनऊ में रहती हैं। वहीं, अध्यक्ष चुने गए नोमान अशरफ बिहार के सहरसा और मानद सचिव बने मोहम्मद हमदान आजमगढ़ के निवासी हैं।

ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी से गूंजा कैंपस

गुरुवार को मतदान खत्म होने के बाद शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच मतगणना शुरू हुई। एबीके गर्ल्स यूनियन स्कूल में वोटों की गिनती कराई गई। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे तक तीनों प्रमुख पदों के नतीजे साफ हो गए। इसके बाद यूनियन हॉल और मैदान में जश्न शुरू हो गया।

पकड़ी 25 क्विंटल खराब पनीर

राजस्थान से लाई जा रही थी, ड्राइवर नहीं दिखा सका कागज; दो सैंपल जांच को भेजे

अमन लेखनी समाचार



मथुरा,दिवाली से पहले मिलावटी पनीर की बड़ी खेप पकड़ी गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे पर बठैन गेट चौकी के पास एक पिकअप को रोका।इसमें 25 कुंतल पनीर भरा हुआ था। टीम ने पनीर के दो सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे और बाकी पनीर को मौके पर ही नष्ट करा दिया। जब्त पनीर की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है।

राजस्थान के डीग से आ रहा था पनीर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को गुरुवार रात सूचना मिली थी कि राजस्थान के डीग जिले के कामां कस्बे से संदिग्ध पनीर मथुरा लाया जा रहा है। सूचना पर खाद्य विभाग की टीम कोसी के लिए रवाना हुई। पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद बठैन गेट पुलिस चौकी के पास चेकिंग शुरू की गई।

पिकअप में भरा मिला 2500 किलो पनीर

रात करीब 1:30 बजे टीम ने वढ 85 उळ 4449 नंबर की पिकअप को रोककर जांच की। गाड़ी में 2500 किलो पनीर भरा मिला। चालक सलीम पनीर से जुड़े जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। इसके बाद टीम ने पनीर की जांच की।

दो सैंपल लेकर बाकी पनीर कराया नष्ट

खाद्य विभाग की टीम ने पनीर के दो नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए।

धनतेरस पर बाजारों में एसपी ने की पैदल गश्त

प्रतापगढ़ में घंटाघर से सर्राफा बाजार तक सुरक्षा व्यवस्था देखी



अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़,धनतेरस पर प्रतापगढ़ के एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख बाजारों में पैदल गश्त की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था देखी और व्यापारियों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं। एसपी ने कोतवाली नगर इलाके में घंटाघर से सराफा बाजार, पंजाबी बाजार, मकंदूगंज चौकी और पल्टन बाजार तक पैदल गश्त की। उन्होंने बाजारों में भीड़, यातायात और सुरक्षा इंतजाम देखे। उन्होंने व्यापारियों से त्योहार के दौरान सुरक्षा की जरूरतों के बारे में जानकारी ली। बाजार में वाहनों की चेकिंग भी कराई गई। एसपी ने पुलिसकर्मियों को यातायात व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बाजारों में लोगों की आवाजाही बढ़ती है, इसलिए पुलिस को सतर्क रहना चाहिए। एसपी ने नियमित पैदल गश्त करने, संदिग्ध वाहनों और लोगों पर नजर रखने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए।

हर्ष फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

किशोरी को लगी थी गोली, लाइसेंसी रिपीटर और लाइसेंस बरामद

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे नगिया पर्वतपुर गांव में गत 2 नवंबर को आयोजित निकासन कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के आरोपी नागेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय नृत्य कार्यक्रम चल रहा था, तभी आरोपी ने अपनी लाइसेंसी रिपीटर से फायरिंग कर दी। गोली पास खड़ी एक 17 वर्षीय किशोरी के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था।

बुचुन तिराहे के पास से दबोचा गया आरोपी

मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे घटना का सफल खुलासा किया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी नागेंद्र प्रताप सिंह को बुचुन तिराहे के समीप स्थित राकेश सिंह के भट्टे के पास से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कार्यक्रम में खुशी जताने और अपना वर्चस्व कायम करने की होड़ में फायरिंग की थी।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी रिपीटर को बरामद कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी का शस्त्र लाइसेंस भी कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

संक्षेप

नहर किनारे मिला युवक का शव

परिजन बोले- लड़की का फोन आने पर निकला था, शादी पर नहीं बन रही थी बात

रायबरेली ,बछरावां इलाके में नया पुरवा गांव के पास नहर की पटरी पर शुक्रवार सुबह 8 बजे युवक का शव मिला। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।बृजेश (25) पुत्र हरिश्चंद्र, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरन खेड़ा मजरे बहादुर नगर गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों के मुताबिक, उसकी मोटरसाइकिल मौके पर खड़ी थी।उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे परिजनों के मुताबिक, बृजेश की शादी बछरावां इलाके के सेहगों गांव के चंद्रशेखर की बेटी सलोनी से तय हुई थी। शादी को लेकर दोनों परिवारों में सहमति नहीं बनी थी और अनबन चल रही थी परिजनों ने बताया कि बृजेश और सलोनी मोबाइल फोन पर बात करते थे। उनका आरोप है कि सलोनी के बुलाने पर बृजेश उसके घर सेहगों जा रहा था।परिजनों का कहना है कि रात में उसकी हत्या कर शव नहर किनारे फेंक दिया गया। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर मिलावट के खिलाफ खाद्य विभाग की कार्रवाई

देवरिया में 65 किलो मिठाई नष्ट, 62 खाद्य पदार्थों के नमूने की जांच

देवरिया ,दीपावली पर मिठाई और दूध से बने उत्पादों की मांग बढ़ने के साथ मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जांच अभियान चलाया। छह दिन में टीमों ने पांचों तहसीलों से 62 नमूने लिए।सभी नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। कार्रवाई के दौरान 65 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने देवरिया सदर, रुद्रपुर, बरहज, भाटपाररानी और सलेमपुर में मिठाई की दुकानों, गोदामों और दूध लेकर आने वाले वाहनों की जांच की। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय हितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को बाहर से दूध लेकर आने वाले वाहनों की जांच कर दो नमूने लिए गए। भाटपाररानी की मिठाई की दुकानों से चार नमूने लिए गए। कमी मिलने पर सुधार का नोटिस पथरदेवा के केडी चौराहे के पास नंद बाबा स्वीट्स में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा नियमों में कमी मिलने पर सुधार का नोटिस दिया गया। दो नवंबर को मिश्रौली दीक्षित गांव में बैजनाथ मद्धेशिया के गोदाम पर एसडीएम और पुलिस बल के साथ छापा मारा गया। वहां बिस्किट, रस्क, नमकीन और क्रीम रोल रखे मिले।गोदाम के पास स्टोरेज लाइसेंस नहीं था और साफ-सफाई में कमी थी, इसलिए बिक्री रोक दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा त्रिपाठी ने तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। 65 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई चार नवंबर को चार तहसीलों में एक साथ जांच अभियान चलाया गया।

इस दौरान आठ दुकानों से मिठाई के आठ नमूने लिए गए।सलेमपुर और भाटपाररानी में करीब 16 हजार रुपये कीमत की 65 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई। रुद्रपुर में फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स के जरिए लोगों को मिलावट पहचानने और उससे बचने के तरीके बताए गए।

शिक्षण संस्थानों में आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि को स्मरण कर मनाया गया हर्षोल्लास

दीपावली पर्व को लेकर प्राथमिक विद्यालय तारापुर की प्रधानाध्यापिका ने कर्मचारियों को वितरित किए उपहार

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर ,दीपावली पर्व को लेकर देश प्रदेश एवं जनपद के साथ-साथ जनपद के सभी क्षेत्रों में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों अंतर्गत कल धनतेरस धूमधाम से मनाई गई जनपद के अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तारापुर में ब्रह्मांड के वैद्य आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि का पावन पूजन संपन्न हुआ प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला की अगुवाई में विद्यालय प्रांगण अंतर्गत दीपावली महापर्व को लेकर बच्चों ने सुंदर-सुंदर रंगोली बनाते हुए सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया वहीं बच्चों ने अपनी शरीर की संरचना से एक बड़े दीपक का आकार रचित किया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने सहायक शिक्षिका सुधा उत्तम के साथ मिलकर विद्यालय की रसोइया रीना देवी कुसुम कली साफ सफाई की व्यवस्था देख रहे सफाई कर्मचारी अशोक कुमार आदि को वस्त्र मिष्ठान तथा उपहार स्वरूप अन्य यथा उचित स्टील के बड़े बर्तन आदि भेंट करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी वही विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने भी अपने गुरुजनों के साथ मिलकर सुंदर-सुंदर स्वादिष्ट व्यंजनों की पार्टी किया कार्यक्रम अंतर्गत मौजूद सभी महिला अभिभावकों के साथ प्रधानाध्यापिका सहायक अध्यापिका एवं सभी कर्मचारियों ने मिलकर दीपोत्सव मनाया वहीं प्रधानाध्यापिका ने सभी बच्चों को भगवान धन्वंतरि के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारे उत्तम स्वास्थ्य के लिए ईश्वर द्वारा प्रदान की गई जड़ी बूटियां तथा आयुर्वेदिक दवाओं के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि थे जिनके द्वारा की गई खोज से आज समूचा ब्रह्मांड उत्तम स्वास्थ्य का जीवन व्यतीत कर रहा है वही दीपावली पर्व को लेकर प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस महापर्व में लंका पति रावण पर विजय प्राप्त करके माता सीता को लेकर भगवान श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस लौटे थे इसी दिवस अयोध्या में घी के दीपक जलाए गए थे इसी पर्व को लेकर आज तक समूचे भारतवर्ष में सभी सनातन धर्म के अनुयाई इस महापर्व को धूमधाम से मना रहे हैं वही सभी लोगों ने प्रांगण अंतर्गत एक दूसरे को धनतेरस एवं दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया इस मौके पर विद्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ अभिभावक कुंती देवी शशी देवी रचना देवी आदि मौजूद रही थी इसी प्रकार क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी यह महापर्व शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर हर्षोल्लास से मनाया

मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन ने दो युवकों को कुचला हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



खागा, फतेहपुर , जनपद के खागा कस्बे कानपुर प्रयागराज मुख्य मार्ग में नवीन मंडी समिति के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक में सवार दो युवकों को बेरहमी से कुचल दिया कुछ दूर पर मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे तथा दोनों युवकों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात भारी वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन को मौके पर मृतकों की मोटरसाइकिल मौके पर मिली प्रशासन ने दोनों युवकों की पहचान करने का प्रयास किया परंतु देर शाम तक पहचान नहीं हो पाई स्थानीय प्रशासन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवकों में एक की आयु लगभग 28 वर्ष तथा दूसरे की आयु लगभग 25 वर्ष होगी खागा कोतवाली प्रशासन के उप निरीक्षक गिरीशचंद्र दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे में चल रहे मेला अंतर्गत पूरी रात लोगों का आना-जाना लगा रहा जहां मेला देखकर जा रहे कुछ राहगीरों ने दोनों युवकों को अचेत अवस्था में खून से लथपथ पाया दोनों युवकों की शिनाख्त का भरसक प्रयास किया जा रहा है वहीं अज्ञात वाहन की भी तलाश जारी है

पति समेत सास ससुर के ऊपर महिला ने दर्ज कराया दहेज प्रथा का मुकदमा

महिला ने लगाया आरोप पति समेत परिजन मांग रहे तलाक

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर , जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव चितियापुर निवासी सुरेश कुमार की बेटी सीता देवी ने कानपुर जनपद के निवासी अपने पति तथा सास ससुर के ऊपर दहेज की मांग करते हुए मारपीट तथा उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया पीड़िता सीता देवी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सीता का विवाह लगभग 6 वर्ष पहले नजदीकी जनपद कानपुर नगर के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गौरिया पोस्ट तिलसहरी खुर्द में हुआ था विवाह के समय पिता ने अपनी सामर्थ के अनुसार उपहार स्वरूप सभी सामग्री तथा नगदी भेंट की थी इसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए पीड़िता को परेशान करना प्रारंभ कर दिया पीड़िता ने बताया कि ससुराल पक्ष के पति राहुल सास सविता देवी तथा ससुर चंद्रकुमार ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए एक भैंस सोने की अंगूठी तथा सोने की जंजीर मायके से लेकर आने का दबाव बनाया जहां मना करने पर महिला को जमकर पीटा तथा एक कमरे में बंद कर दिया महिला ने पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि पति के अवैध संबंध एक दूसरी खुशबू नाम की युवती से हैं जहां सास ससुर तथा पति लगातार तलाक का भी दबाव बना रहे हैं ससुराल पक्ष के ऊपर आरोप लगाते हुए पीड़िता ने बताया कि ससुराली जनों ने कहा कि तलाक के बाद वह पति राहुल की दूसरी शादी करना चाहते हैं प्रशासन ने पति समेत सास ससुर के ऊपर अलग-अलग कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई की

संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग महिला का शव मिला चारपाई पर

फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य जल्द हो सकता है खुलासा

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के लालौली थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के एक मकान में निवास कर रही 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शो चारपाई में हाथ पैर बांध मृत अवस्था में पाया गया मेरी जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र कस्बे के 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बिल्किस बेगम पत्नी सलाउद्दीन अपने मकान में अकेले निवास करती थी जहां स्थानीय लोगों ने कल शुक्रवार को सुबह पहर महिला का दरवाजा खुला देखा तो अंदर पहुंचे जहां बुजुर्ग महिला चारपाई में मृत अवस्था में पड़ी मिली हैरतअंगेज बात यह है कि महिला के हाथ तथा पैर दोनों बंधे हुए थे घर का पूरा सामान चारों तरफ फैला हुआ था वही मौजूद लोगों ने घर में बिखरा हुआ पड़ा सामान टूटा हुआ बेड अलमारी तथा फर्नीचर आदि देखकर बदमाशों द्वारा चोरी करने तथा लूटपाट करने के दौरान हत्या किए जाने की आशंका जताई नागरिकों ने बताया कि मृतका महिला के पास काफी जेवरात था जो अधिकतर वह धारण किए रहती थी पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई सूचना मिलते ही पहुंचे फतेहपुर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानप्रकाश राय क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार लालौली थाना प्रभारी दिवाकर सिंह आदि ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए फॉरेंसिक टीम को आमंत्रित किया सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए वहीं पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच करते हुए मौजूदा कुछ लोगों से मृतका के बारे में पूछताछ की जहां मौजूदा लोगों ने बताया कि मृतका अपने मायके लालौली में रहती थी जिसकी ससुराल बांदा जनपद के पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत सबादा बताई गई मृतका के एक भाई अब्बास खान तथा दो बेटे भी है जो मृतका से अलग रहते हैं मृतका से इन सभी लोगों से कोई मतलब नहीं रहता था प्रशासन ने सभी साक्ष्य जुटाते हुए मौजूदा लोगों से पूछताछ करते हुए जांच प्रारंभ की वहीं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जल्द ही इस घटना की खुलासा करने का आश्वासन दिया

3 थाना क्षेत्रों से 5 वांछित गिरफ्तार

गैंगस्टर के तीन आरोपी सीतापुर से पकड़े; न्यायिक हिरासत में भेजे गए

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली ,पुलिस ने गुरुवार को तीन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपी शामिल हैं, जिन्हें मिलएरिया पुलिस ने सीतापुर से पकड़ा। वहीं, शिवगढ़ पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में और सलोन पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गुरुवार देर रात करीब 10:04 बजे गिरफ्तारियों की जानकारी दी।

गैंगस्टर के तीन आरोपी सीतापुर से गिरफ्तार

मिलएरिया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित तीन आरोपियों को सीतापुर से गिरफ्तार किया। इनमें राकेश उर्फ छोटे पुत्र भुलई निवासी पिंदरई थाना महोली और सतीश पुत्र संतोष कुमार निवासी तरीनपुर थाना कोतवाली नगर को उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, लवकुश पुत्र हिमांचल निवासी लोनियन का पुरवा थाना कोतवाली नगर को सीतापुर बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। इनके खिलाफ रायबरेली, हरदोई, खीरी और अमेठी में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली टीम में मिलएरिया थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक कुमार, आरक्षी पंकज राजौरा और अजय यादव शामिल रहे।

धनतेरस पर प्रयागराज में छाई धुंध, 200 के पार पहुंचा-एक्यूआई

दिवाली से पहले बिगड़ी हवा; दिन में तेज धूप, सुबह-शाम हल्की ठंड

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,धनतेरस के दिन भी वायु प्रदूषण से राहत नहीं मिली। दिवाली से पहले शहर की हवा लगातार खराब हो रही है। शुक्रवार सुबह से ही कई इलाकों में आसमान पर धुंध छाई रही। वातावरण में धुएं जैसी हल्की परत दिखाई दी। नगर निगम के मॉनिटरिंग स्टेशन पर गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 196 दर्ज किया गया था। वहीं, कुछ अन्य मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म पर यह 200 के पार पहुंच गया। वहीं शुक्रवार को शहर का औसत अदक करीब 199 है।इससे हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है।

सुबह-शाम स्मॉग की परत, आंखों में जलन का खतरा

दिवाली से पहले बढ़ते प्रदूषण का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। सुबह और शाम के समय धुंध और स्मॉग की परत नजर आ रही है।हवा में 2.5 और 10 कणों की मात्रा बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी हो सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों पर पड़ सकता है।

दिन में तेज धूप, रात में और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने और दिन में तेज धूप निकलने की संभावना है। हालांकि, सुबह हल्की धुंध छाई रह सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 से 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।9 और 10 नवंबर तक रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है।हवा में नमी का स्तर करीब 79 प्रतिशत रहने की संभावना है।प्रदूषण से बचने के लिए बरतें सावधानीखराब हवा को देखते हुए बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को सुबह-शाम अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचना चाहिए। जरूरत पड़ने पर मास्क का इस्तेमाल करें। आंखों में जलन या सांस लेने में परेशानी होने पर लापरवाही न बरतें।

महिला की सिलबट्टे से चेहरा कूंचकर हत्या

दूसरे युवक से था अवैध संबंध, मौके पर मिले 6 ग्लव्स

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पति ने सिलबट्टे से महिला के चेहरे को बुरी तरह कुचल दिया।उसके दोनों आंखों और माथे पर ताबड़तोड़ वार किए गए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। महिला का किसी दूसरे युवक से अवैध संबंध था। इसी लेकर हत्या की गई है। मौके से 6 ग्लव्स मिले है। पुलिस को शक है कि पति ने ग्लव्स पहन कर हत्या की है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मन्दरी गांव की है।पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।मायके वाले ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर भी आरोप लगा रहे हैं और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया है। अब पढ़िए पूरा मामला मृतका की पहचान बिजमा देवी (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कौशांबी जिले के चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव की रहने वाली थी। करीब 10 वर्ष पहले उसकी शादी पूरामुफ्ती के मंदरा गांव निवासी सुमन कुमार से हुई थी। दोनों के तीन छोटे बच्चे हैं। बड़ी बेटी चार वर्ष की है, जबकि अन्य दो बच्चों की उम्र तीन और दो वर्ष बताई जा रही है। रात 2:30 बजे मिली हत्या की सूचना गुरुवार रात करीब 2:30 बजे डायल-112 को सूचना मिली कि मंदरा गांव में एक महिला की घर के भीतर हत्या कर दी गई है। सूचना पर सबसे पहले डायल-112 की टीम और उसके बाद पूरामुफ्ती पुलिस मौके पर पहुंची। घर के अंदर महिला का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की और संदेह के आधार पर पति सुमन कुमार को हिरासत में ले लिया। तीन दिन पहले ही मायके से लौटी थी महिला पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पत्नी किसी दूसर युवक से अवैध संबंध था, इसका पता पति को चल गया था।इसी बात को बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी।पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुरुवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। यह भी जानकारी मिली है कि तीन दिन पहले ही सुमन अपनी पत्नी को उसके मायके से वापस लेकर आया था। मायके वालों को सुबह दी गई सूचना घटना के बाद पुलिस ने सुबह मृतका के मायके वालों को सूचना दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस फोरेंसिक साक्ष्यों और अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है, ताकि हत्या की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। पिता रामभवन ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब पूरामुफ्ती थाने से उन्हें सूचना दी गई कि उनकी बेटी की हत्या हो गई है। पति से पूछताछ जारी डीसीपी सिटी सागर जैन ने बताया- प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के बीच विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

13 मुकदमों वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

तमंचा-कारतूस बरामद, गैंगस्टर एक्ट में भी हो चुकी है कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,पुलिस ने शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे हिस्ट्रीशीटर सिद्दीक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। भागने की कोशिश कर रहा था आरोपीपुलिस को सूचना मिली थी कि सिद्दीक कान्हा गोशाला जाने वाले मोड़ के पास खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर सिद्दीक भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। सिद्दीक शाहजहांपुर के सदर बाजार थाना क्षेत्र के लालबाग मोहल्ले के ग्राम शाहबाजनगर का रहने वाला है। पुलिस उसे थाने ले गई। पूछताछ और जरूरी कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

गैंगस्टर एक्ट के तहत भी हो चुकी है कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक, सिद्दीक के खिलाफ पहले गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रढ सौरभ दीक्षित के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस भीड़भाड़ वाले बाजारों में गश्त कर लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील कर रही है।

एसपी ने पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई

साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया, कंट्रोल रूम, यूपी-112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड और शस्त्रागार भी देखे

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शुक्रवार सुबह 8 बजे पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई और उनकी शारीरिक दक्षता, वर्दी, अनुशासन और परेड की गतिविधियां देखीं। एसपी ने पुलिसकर्मियों को परेड में एकरूपता बनाए रखने और अनुशासन के साथ अभ्यास करने के निर्देश दिए। एसपी ने प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों की टोली का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उनके अनुशासन, शारीरिक दक्षता और ड्यूटी के प्रति सजगता को परखा। इस दौरान पुलिसकर्मियों के शारीरिक कौशल को जांचने के लिए कराए गए प्रशिक्षण अभ्यास और बाधा पार करने की गतिविधियां भी देखीं। एसपी ने नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण जारी रखने को कहा।

बाधा पार करने का अभ्यास देखा

पुलिसकर्मियों की शारीरिक क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए कराए जा रहे अभ्यास का एसपी ने जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने और शारीरिक रूप से फिट रहने के निर्देश दिए। साथ ही परेड और प्रशिक्षण में नियमित रूप से शामिल होने को कहा।परेड के बाद एसपी ने पुलिस लाइन के कंट्रोल रूम और यूपी-112 कार्यालय का निरीक्षण किया।

सिख युवक से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

संगठन ने सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, सिख युवक से मारपीट के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे हिंदू युवा संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।संगठन ने आरोप लगाया कि युवक की धार्मिक पहचान का अपमान किया गया और उसके बाल पकड़कर मारपीट की गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था।

गर्रा फाटक का है मामला

यह मामला चौक कोतवाली क्षेत्र के गर्रा फाटक का है। संगठन का आरोप है कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर सिख युवक से मारपीट और उसके केश का अपमान किए जाने का वीडियो सामने आया था।इसके बावजूद आरोपियों के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

निष्पक्ष जांच और गिरफ्तारी की मांग

हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।साथ ही चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज के साथ आंदोलन किया जाएगा।

लखीमपुर में दो मासूमों की संदिग्ध मौत से दहला जहाननगर, कई सवालों के घेरे में घटना

गन्ने के खेत में अलग-अलग साड़ियों से पेड़ पर लटके मिले 15 वर्षीय आरुषी और 12 वर्षीय सुधाकर, घटनास्थल के हालात ने खड़े किए गंभीर सवाल

पीड़ित परिवार से मिलकर सांसद आनंद भदौरिया ने की हर संभव मदद, मासूमो के शव देखकर निकले आँसू

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम जहाननगर में दो मासूम बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। 15 वर्षीय आरुषी यादव और 12 वर्षीय सुधाकर यादव की मौत से जहां गांव में मातम पसरा है, वहीं घटनास्थल से सामने आए हालात ने अनेक गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे एक ही गांव के रहने वाले थे और रोजाना की तरह स्कूल पढ़ने गए थे। लेकिन स्कूल से घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो कुछ दूरी पर दोनों के स्कूल बैग और उनसे काफी दूर साइकिल पड़ी मिली। तलाश के दौरान गन्ने के खेत में एक लंबे पेड़ पर दोनों बच्चों के शव अलग-अलग साड़ियों के सहारे लटके मिले। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार पेड़ की ऊंचाई और परिस्थितियां ऐसी थीं कि दोनों बच्चों का स्वयं वहां चढ़कर इस तरह लटकना कई सवाल खड़े करता है। घटनास्थल पर आरुषी का पैजामा खून से सना हुआ जमीन पर पड़ा मिलने और आसपास खून के निशान होने की बात भी सामने आई है। इसके अलावा उसी स्थान पर शराब की बोतल और ताश की गड्डी मिलने की जानकारी ने घटना को और भी गंभीर बना दिया है। इन परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों और ग्रामीणों के मन में घटना को लेकर कई आशंकाएं हैं। हालांकि इन तमाम पहलुओं की पुष्टि और वास्तविकता का खुलासा निष्पक्ष जांच के बाद ही संभव है। परिजनों का दर्द और भी अधिक इसलिए असहनीय है क्योंकि आरुषी के पिता पिछले करीब नौ महीने से लापता हैं। आज तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। ऐसे में पहले ही आर्थिक और पारिवारिक संकट से जूझ रहे इस गरीब परिवार पर दो मासूम बच्चों की मौत ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग (फांसी पर लटकना) बताए जाने और कपड़ों पर मिले खून को मासिक धर्म से संबंधित बताया जाने की बात कही जा रही है। लेकिन घटनास्थल पर मिले अन्य तथ्यों और परिस्थितियों को लेकर उठ रहे सवालों का संतोषजनक जवाब मिलना भी जरूरी है। आखिर दोनों बच्चों के स्कूल बैग और साइकिल इतनी दूर कैसे पहुंचे? दोनों बच्चों के शव पेड़ पर अलग-अलग साड़ियों से कैसे लटके मिले? जमीन पर खून से सना कपड़ा और अन्य सामान वहां कैसे पहुंचा? इन सभी सवालों की गहनता से जांच होनी चाहिए।

सांसद आनंद भदौरिया ने बढ़ाया मदद का हाथ

इस दर्दनाक घटना के बाद पीड़ित परिवार की स्थिति देखकर हर संवेदनशील व्यक्ति का हृदय व्यथित है। सांसद आनंद भदौरिया ने भी पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से यथासंभव आर्थिक एवं अन्य मदद पहुंचाई। परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति और उनके असहनीय दुख को देखकर उन्होंने मानवीय संवेदना के आधार पर सहयोग किया।

इस घटना से मन अत्यंत व्यथित और बेचैन है। पीड़ित परिवार की आंखों में आंसू और उनके घर में पसरा सन्नाटा किसी भी संवेदनशील इंसान को अंदर तक झकझोर देने वाला है। ऐसे समय में केवल सांत्वना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि परिवार को न्याय का भरोसा दिलाना भी समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस मामले की हर पहलू से निष्पक्ष और गहन जांच होगी? बच्चों की मौत से जुड़े प्रत्येक साक्ष्य, घटनास्थल की परिस्थितियों, फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का विशेषज्ञों से परीक्षण कराया जाना चाहिए। यदि किसी तीसरे व्यक्ति की भूमिका या आपराधिक संलिप्तता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। दो मासूम जिंदगियां खत्म हो गईं, एक परिवार उजड़ गया। अब इस परिवार को सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि सच्चाई और न्याय चाहिए।

तुलापुर में मारपीट कर जहर पिलाने से हुई युवक की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

खुटार थाने में आरोपी पर पहले भी दर्ज है मुकदमें, पुलिस फरार आरोपियों की कर रही तलाश

अमन लेखनी समाचार



खुटार (शाहजहांपुर)।तुलापुर गांव निवासी विपिन दीक्षित के साथ एक राय होकर मारपीट करना व जबरन जहरीला पदार्थ पिलाने पर मौत हो जाने के आरोप के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपी गांव तुलापुर निवासी संजय शुक्ला को पकड़कर जेल भेज दिया है और तीन आरोपी अभी भी फरार है। गांव तुलापुर निवासी रामकिशोर दीक्षित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उनके पुत्र बालेश की पत्नी का गांव के ही कुलदीप उर्फ मोनू, तरुण शुक्ला, संजय शुक्ला, विवेक शुक्ला लोगों से गलत तरीके की अफवाह फैला रहे थे। 01 नवंबर को उनके छोटे पुत्र विपिन का चारों आरोपियों से विवाद हो गया था। आरोप था कि आरोपियों ने विपिन दीक्षित को मारा पीटा व जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। पीलीभीत में इलाज के दौरान विपिन की मौत हो गई। 02 नवंबर को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा और 03 नवंबर को पुलिस के समझाने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था। उन्होंने बताया कि 04 नवंबर को बहू दामिनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उस वक्त पुलिस घर पर ही मौजूद थी। दरवाजे तोड़कर बहू को बचाया गया। उधर, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खुटार-मैलानी रोड पर बाबा चौराहा के पास गुरुवार सुबह 9:45 बजे आरोपी संजय शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश किया गया है। जहां आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की खोजबीन करने में जुटी हुई है।

कामुक सिपाही युवती से करता रहा 10 साल तक दुष्कर्म

युवती शिकायत सुनते ही एसपी ने महिला थाने को सौंपी जांच

अमन लेखनी समाचार



जालौन,उरई। एक युवती ने एक सिपाही पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत को शिकायती पत्र दिया है। युवती का आरोप है कि सिपाही ने लंबे समय तक शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया और अब नौकरी मिलने के बाद शादी से इनकार कर रहा है। युवती ने सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। युवती के अनुसार उसकी मुलाकात सिपाही मनीष कुमार से वर्ष 2015 में हुई थी। उस समय वह कक्षा-11 में पढ़ती थी। युवती का आरोप है कि मनीष ने उसे परिवार को सहारा देने और शादी करने का भरोसा दिया था। इसके बाद से ही दोनों के बीच संबंध बने। युवती का यह भी आरोप है कि कई बार गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कराया गया। युवती का कहना है कि पिछले तीन-चार साल से मनीष पुलिस भर्ती की तैयारी करने और नौकरी मिलने के बाद धूमधाम से बारात लाकर शादी करने का भरोसा देता रहा। चयन होने पर वह सीतापुर में ट्रेनिंग करने चला गया। वर्तमान में वह सीतापुर में रामपुर कला थाने में सिपाही के पद पर तैनात बताया गया है। युवती ने शिकायती पत्र में बताया है कि 14 मार्च 2026 को मनीष एसआई (दरोगा) की परीक्षा देने के बहाने छुट्टी लेकर आया था। वह उसे अपने घर ले गया, जहां फिर से संबंध बनाए। युवती का कहना है कि सामाजिक बदनामी के डर से उसने अपने परिवार के साथ सिपाही और उसके घरवालों से जल्द शादी करने की बात कही। इस पर उन्होंने मकान बनने के बाद शादी करने की बात कहकर उसे टाल दिया। इसी बीच उसे पता चला कि सिपाही के घरवाले उसकी दूसरी जगह रिश्ता तलाश रहे हैं। युवती का दावा है कि फोन पर बात करने पर सिपाही ने उससे कहा कि उसे शादी में 20 लाख रुपये मिल रहे हैं। युवती का कहना है कि वह पहले भी अपनी पैथोलॉजी लैब की कमाई से सिपाही की आर्थिक मदद कर चुकी है और आगे भी 20 लाख रुपये देने के लिए तैयार थी, लेकिन सिपाही शादी के लिए राजी नहीं हुआ। युवती ने सिपाही और उसके घरवालों पर गाली-गलौज करने और शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। युवती ने बताया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है। बुजुर्ग पिता मजदूरी करके परिवार का खर्च उठाते हैं। वह खुद पढ़ाई पूरी करने के बाद पैथोलॉजी लैब चलाकर परिवार की मदद कर रही है। युवती ने कहा है कि वह आखिरी तक लड़ाई लड़ेगी और सिपाही को सजा दिलाकर रहेगी। इस मामले में एसपी सुरेश चंद्र रावत ने मामले की जांच महिला थाने की थानाध्यक्ष को सौंपी है। उन्होंने जांच के आधार पर सच्चाई सामने लाने के निर्देश दिए हैं।

यमुना के बिहारी घाट पर धूमधाम से मनाया गया गंगा उत्सव, दीपदान से जगमगाया घाट

चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



जालौन। कालपी स्थित यमुना नदी के बिहारी घाट पर जिला गंगा समिति की ओर से गंगा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और निर्मलता का संदेश दिया गया। उत्सव के दौरान आयोजित दीपोत्सव और दीपदान से बिहारी घाट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। जिलाधिकारी समीर कुमार के निर्देशन एवं प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कालपी अरविंद यादव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर कालपी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें करीब 65 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से नदी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बिहारी घाट स्थित यमुना तट पर भव्य गंगा आरती, दीपोत्सव और दीपदान का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से घाट का वातावरण मनमोहक हो उठा। इस दौरान हर-हर गंगे और नमामि गंगे के जयघोष से पूरा घाट भक्तिमय हो गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी रवि मोहन ने कहा कि नदियां हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत होने के साथ ही जीवन का आधार भी हैं। इनकी स्वच्छता और संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से नदियों को स्वच्छ रखने और उनके संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी मोहित दौदेरिया ने किया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी कोंच सुबोध शुक्ला सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। अंत में मोहित दौदेरिया ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

मारपीट के मामले में बहनोई पर रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। कस्बा के मोहल्ला नरायनपुर निवासी अनिल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई बताया कि 2 नवंबर को उसका बहनोई थाना बंडा के गांव कुडरा निवासी सोनपाल नशे की हालत में घर में घुसकर उसकी बहन के साथ मारपीट करने लगा। जब उसने व उसके भाई सूरज ने बहन को बचाने का प्रयास किया तो वह दोनो को डंडा से पीटने लगा। जिससे दोनो घायल हो गए। पड़ोसियों को ललकारने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेत की मिट्टी बेचने व कब्जा करने का आरोप, दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। गांव पिपरिया बिरसिंहपुर निवासी जीवन लाल ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह बुजुर्ग व बीमार रहता है। उसने अपना खेत हरिपुर भटनौसा निवासी एक व्यक्ति को ठेका पर दिया था। वह व्यक्ति ठेका के 22 हजार रुपए नहीं दे रहा। आरोपी ने उसके खेत की मिट्टी दो बार चोरी से बेच दी है। और कब्जा करने की नियत से खेत को जोत दिया है। आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कार के नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। कस्बा बंडा के मोहल्ला बालाजी नगर निवासी रितेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 23 अक्तूबर की दोपहर वह अपने मित्र मोहल्ला बग्गर निवासी अरुण कुमार व बाबा चरनदास कालोनी निवासी अनिल उर्फ बबलू के साथ खुटार बंडा रोड पर मझरिया पुल के पास खड़े थे। तभी तेज रफ्तार कार ने तीनों के टक्कर मार दी।

नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप, टेल तक पानी न पहुंचने से किसान परेशान

कुठौंद-विजुवाहा नहर में सफाई के नाम पर लाखों रुपये के बंदरबांट का आरोप, किसानों ने भारत समाचार के सामने बयां की अपनी पीड़ा

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जनपद कुठौंद में नहरों की सिल्ट सफाई के नाम पर कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। कुठौंद ब्लॉक क्षेत्र की कुठौंद-विजुवाहा नहर को लेकर किसानों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। किसानों का आरोप है कि हर साल नहरों की खुदाई और सिल्ट सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों का कहना है कि नहर की सफाई और रखरखाव के नाम पर सरकारी धन खर्च होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। नहर के अंतिम छोर यानी टेल तक पानी नहीं पहुंचने से अन्नदाताओं को सिंचाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से ठेकेदार सफाई कार्य में मनमानी करते हैं और सरकारी धन के बंदरबांट का खेल चलता है। इसका खामियाजा उन किसानों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें समय पर सिंचाई के लिए पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। इस पूरे मामले को लेकर किसानों ने भारत समाचार के सामने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए नहरों की सफाई के नाम पर हो रहे कार्यों की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। अब सवाल यह है कि जब हर साल नहरों की सफाई पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, तो आखिर किसानों के खेतों तक पानी क्यों नहीं पहुंच रहा? क्या संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर सफाई कार्यों की वास्तविक स्थिति की जांच करेंगे और किसानों को टेल तक पानी उपलब्ध करा पाएंगे? आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और विभागीय पक्ष सामने आना बाकी है।

जन्मदिन पर केक की जगह बांटे 170 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. शालिनी वर्मा की अनूठी पहल, लोगों से पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग अक्सर केक काटकर और पार्टी करके खुशियां मनाते हैं, लेकिन सीएचसी में तैनात आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. शालिनी वर्मा ने इससे अलग हटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली अनूठी पहल की। उन्होंने अपने जन्मदिन पर केक काटने के बजाय लोगों को 170 पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। जानकीपुरम में तिकोना पार्क के निकट आयोजित इस पहल के दौरान डॉ. शालिनी वर्मा ने लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन पौधों को अपने घरों की छतों और आसपास खाली स्थानों पर लगाएं तथा उनकी नियमित देखभाल भी करें। डॉ. शालिनी वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरूआत छोटे-छोटे प्रयासों से होती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन और अन्य विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसे संरक्षित करने का संकल्प ले, तो आने वाले समय में हरियाली बढ़ाने की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। उनकी इस पहल की लोगों ने सराहना की। जन्मदिन के अवसर पर पौधे बांटकर उन्होंने न केवल अपनी खुशियों को दूसरों के साथ साझा किया, बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने और पर्यावरण बचाने का प्रेरणादायक संदेश भी दिया। इस मौके पर विनीता वर्मा, पायल मिश्रा, अभय कुमार, डॉ. तनवीर, नेहा वर्मा, शिव कुमार, आरएल मौर्य, राहुल गिरी, डॉ. प्रियंका मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एट बाजार में एसपी ने किया पैदल मार्च, व्यापारियों से जाना सुरक्षा का हाल

सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



एट (जालौन)। नगर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आमजन में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार शाम पुलिस बल के साथ नगर पंचायत एट के मुख्य बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और सुरक्षा संबंधी सुझाव सुने। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने बाजार के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं निगरानी व्यवस्था को परखा। साथ ही बाजार में यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उसे सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने व्यापारियों से बातचीत करते हुए कहा कि बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों का कवरेज बढ़ाया जाए और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के प्रतिनिधि विनय पाल, क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक एट शिव शंकर सिंह सहित स्थानीय व्यापारी, संभ्रांत नागरिक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

कोच में सफाई कर्मचारी तेज सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

सांस फूलने से हालत बिगड़ने की परिजनों ने जताई आशंका, मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी स्पष्ट

अमन लेखनी समाचार



कोच (जालौन)। कोच ब्लॉक क्षेत्र में तैनात सरकारी सफाई कर्मचारी तेज सिंह (42 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह ग्राम भेड़, थाना कोच निवासी मन्नी लाल के पुत्र थे। उनकी मौत की खबर से परिजनों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार तेज सिंह की सांस फूलने के कारण अचानक हालत बिगड़ गई थी। इसके बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोच पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तेज सिंह कोच-नदीगांव ब्लॉक क्षेत्र में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात थे। फिलहाल उनकी मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस की कार्रवाई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह सामने आ सकेगी।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की बैक पेपर परीक्षाएं 25 नवंबर से, अनंतिम कार्यक्रम जारी

अमन लेखनी समाचार



जालौन, उरई, विधि महा विद्यालय उरई लो कॉलेज झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के अंतर्गत संचालित स्नातक एवं परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की संस्थागत और व्यक्तिगत ईयर बैक, बैक पेपर एवं श्रेणी सुधार परीक्षाएं 25 नवंबर 2026 से प्रारंभ होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षाओं का अनंतिम कार्यक्रम तैयार कर दिया गया है। यदि परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रश्नपत्र, परीक्षा तिथि अथवा अन्य विषय को लेकर कोई विसंगति है तो संबंधित विभागों और महाविद्यालयों को 5 नवंबर 2026 तक आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। आपत्तियां विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के ई-मेल अथवा प्रत्यावेदन के माध्यम से भेजी जा सकती हैं। निर्धारित समय सीमा तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम को अंतिम मानकर जारी कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबद्ध विभागों एवं महाविद्यालयों के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों, प्राचार्यों और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां अध्ययनरत संबंधित छात्र-छात्राओं को परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी गई है, ताकि परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी मिलती रहे।

सिहारी दाऊदपुर में महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट, घायल को जिला अस्पताल किया रेफर

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर में महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार का एक व्यक्ति जनपद के बाहर पानीपुरी का व्यवसाय करता है। त्योहार मनाने के लिए वह अपने परिवार के साथ गांव लौटा था। इसी दौरान परिवार के साथ मारपीट की घटना हो गई। घटना में घायल व्यक्ति को परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने जालौन कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



'रामायण' हिंदी में दिखेगी पूरी, काटे गए गाने-सीन

मुंबई। रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश ने 'रामायण' के नए अंतरराष्ट्रीय संस्करण पर चर्चा की है। अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए, फिल्म के अंग्रेजी संस्करण को 30 मिनट छोटा कर दिया गया है, यानी इसमें गाने और कुछ सीन हटा दिए गए हैं। रणबीर ने मजाक में कहा कि अगर आप 'पूरी' रामायण का अनुभव लेना चाहते हैं, तो इसे हिंदी में देखें। साई ने भी बताया कि इन बदलावों का असर सिर्फ संगीत पर नहीं, बल्कि कहानी के कुछ खास पलों पर भी पड़ा है। यश ने समझाया कि उनकी टीम चाहती थी कि जो दर्शक रामायण के सभी किरदारों से ज्यादा वाकिफ नहीं हैं, उनके लिए कहानी समझना आसान रहे, इसीलिए फिल्म में कुछ एडिटिंग करनी पड़ी।

लाइफ Style

श्रद्धा

आलोचना के बीच ट्रोलर्स को दिया करारा जवाब

एजेंसी>> मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब के सेशन के दौरान फैंस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आलोचना और नकारात्मक टिप्पणियों पर अपनी राय रखी।

श्रद्धा ने कहा कि वह ऐसे कमेंट्स का जवाब देने में समय गंवाने के बजाय अपने काम पर ध्यान देना पसंद करती हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब आगामी फिल्म 'इंश्का' में उनके मराठी लहजे और संवाद अदायगी को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। श्रद्धा से बातचीत के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि वह आलोचनाओं से कैसे निपटती हैं, तो श्रद्धा ने कहा, सच कहूं तो, मैं आलोचनाओं को संभालती ही नहीं। इसमें संभालने जैसा है ही क्या? मैं तो अपना व्हाट्सएप भी ठीक से नहीं संभाल पाती हूं। मेरा कोई मैनेजर भी नहीं है और न ही मैं किसी एजेंसी से जुड़ी हूं। मेरे दोस्त, निर्देशक और निर्माता मुझे अक्सर डांटते रहते हैं कि मैं अपना फोन चेक नहीं करती हूं। श्रद्धा ने आगे कहा, मुझे आलोचनाओं से निपटने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं बस काम करना चाहती हूं और ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती हूं। बस इतना ही। बता दें श्रद्धा जल्द ही लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'इंश्का' में चिठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभा रही हैं। चिठाबाई लावणी और तमाशा की एक मशहूर कलाकार थीं, जिन्होंने महाराष्ट्र के लोक मनोरंजन में अहम योगदान दिया था।



हॉलीवुड मसाला




11 साल की थी, तब कोकीन ऑफर की गई

लॉस एंजिलस। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैजर्ट रोज ने हाल ही में पॉडकास्ट में बताया कि महज 11 साल की उम्र में उन्हें हॉलीवुड पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी। हालांकि, उन्होंने हमेशा इनसे दूरी बना ली। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह आज भी शराब और ड्रग्स से दूर रहती हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस डैजर्ट रोज इन दिनों अपने पति खुशपाल को लेकर चर्चा में हैं। रोजाना फिल्म में छोटी उम्र में एक्टर-उ का किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस ने बताया कि जब वह महज 11 से 13 साल की थीं, तब उन्हें हॉलीवुड की पार्टियों में कोकीन ऑफर की जाती थी।



ब्रैड पिट की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिलस। पिता ब्रैड पिट और मां एंजेलिना जोली के बीच चल रही लीगल बैटल के बीच अब उनकी बेटी विविएने मार्शलीन ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अपने सरनेम के आगे से पिता का सरनेम 'पिट' हटा दिया है। पिट सरनेम हटवाने के लिए विविएने ने लंबे समय से अर्जी डाली थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर दी है। तभी विविएने ने हटवाया सरनेम और अब है ये पूरा मामला पढ़ें डिटेल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी विविएने ने पहले उनके जिमनास्टिक जहाज मार्ले जोली और मैडॉक्स जैक्सन जोली वाली लीगल लेन बदलने की अर्जीन सिंगापुर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने जॉनसन को सुनवाई के बाद विविएने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विविएने ने 18 साल की होने से 12 महीने पहले लीगल तौर बदलने की अर्जीन सिंगापुर में मंजूर हुई थी। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, कैलिफोर्निया के एक जज ने जॉनसन को सुनवाई के बाद विविएने मार्शलीन को पिट से जोली सरनेम बदलने की मंजूरी दे दी है। एंजेलिना की बेटी विविएने ने 18 साल की होने से 12 महीने पहले लीगल तौर बदलने की अर्जी डाल दी थी।



'मातृभूमि' के ट्रेलर का इंतजार खत्म...

मुंबई। सलमान खान ने 'मातृभूमि: में वॉर रेस्ट इन पीस' का नया गाना 'तेरी सेक्सी ब्यूटी' हाल ही में जारी किया था, जिसने फिल्म के प्रति लोगों को फिर उत्साहित कर दिया। अब खबर है कि युद्ध ड्रामा पर आधारित इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। इससे त्योहार के मौसम में दर्शकों के पास जश्न मनाने का एक बड़ा मौका होगा। बताया जा रहा है कि ट्रेलर रिलीज के लिए तैयारी शुरू हो गई है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, 'मातृभूमि' का ट्रेलर आज शुक्रवार 6 नवंबर को मुंबई में लॉन्च होने जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म निर्माता शहर में एक ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद त्योहारों के चल रहे उत्साह का फायदा उठाना है। हालांकि, इवेंट शेड्यूल के बारे में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से आधिकारिक पुष्टि का अभी इंतजार है।



'जेलर 2' ओटीटी पर 12 को होगी रिलीज

मुंबई। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धाक जमाने आ रही है। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित एक्शन-कॉमेडी पिछले महीने 15 अक्टूबर को रिलीज हुई थी। इसने दुनियाभर में अब तक 800 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार कर लिया है। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में मौजूद है और 21वें दिन तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 466.05 करोड़ रुपये कमा चुकी है। आइए जानते हैं कि इसे ओटीटी पर कब और कहां देख सकेंगे। 'जेलर 2' का 2023 में आया पहला भाग अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। दूसरा भाग इसी प्लेटफॉर्म पर 12 नवंबर, 2026 से उपलब्ध करा दिया जाएगा। फिल्म तमिल के साथ-साथ हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दस्तक देगी।

टीवी मसाला



'बिग बॉस 20': यंग ने गलफ्रिड को दिया 10-12 बार धोखा

मुंबई। 'बिग बॉस 20' में इन दिनों तलाक चर्चा का विषय है। अब शो के प्रतियोगी यंग लीएसए ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड समीक्षा को कई बार धोखा दे चुके हैं। दरअसल, घर में उनके परिवार की ओर से एक ऑडियो मैसेज सुनाया गया, लेकिन गर्लफ्रेंड की तरफ से कोई संदेश नहीं आया, जिससे यंग काफी निराश हो गए। यंग ने अपने सभी प्रतियोगी स्काउट ओपी से अपना दुख साझा करते हुए कहा, मैंने समीक्षा को सो दिया है, स्काउट। जब स्काउट ने उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की, तो यंग ने खुलासा करते हुए कहा, मैंने उसे बहुत बार धोखा दिया है। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने समीक्षा को लगभग 10-12 बार धोखा दिया है। वह चौंकाकर स्काउट ने पूछा, फिर भी वह तुम्हारे साथ रहीं? यंग ने जवाब दिया, नहीं, उसे पता ही नहीं था। यंग की इस बात का मतलब है कि समीक्षा को उनके धोखे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यंग ने आगे अंदाजा लगाते हुए कहा, शायद जब मैं यहां आया, तब उन्हें इस बात का पता चला होगा। 'बिग बॉस 20' में अपने सफर के दौरान, यंग ने कई बार अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात की है। उन्होंने अक्सर उसे अपनी पत्नी बताया और कहा है कि वह उनकी जिंदगी में बहुत खास है।

यूपीएससी करना चाहते थे पंकज कपिल शर्मा के शो में खोला दिल का

मुंबई। कपिल शर्मा का 'द गेट इंडिया कपिल शर्मा' अपने दूसरे सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट चुका है। हालिया एपिसोड का प्रोमो निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है, जिसमें मेहमान बनकर पंकज त्रिपाठी, कॉमेडियन जहिर खान और एक्टर-डॉ विकास दिव्यकीर्ति पहुंचे। प्रोमो की शुरुआत कपिल द्वारा तीनों मेहमानों के स्वागत से हुई। इसके बाद माहौल तारीफों मजाकिया और ठहाकेदार हो गया। इस दौरान पंकज ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। प्रोमो के मुताबिक, पंकज ने बिहार के अपने पहली मुलाकात को याद करते हुए बताया कि वह उनसे एक कॉफीशॉप में मिले थे। इस पर कपिल पूछते हैं कि क्या अभिनेता यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे, तो पंकज ने स्वीकारा कि वह कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करना चाहते थे। इस पर कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, हम सब यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। उनकी यह बात सुनकर सभी जोर से ठहाका लगाने लगे।

'रामायण' में अपने किरदार को लेकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई। नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में सनी देओल का 'हनुमान' किरदार खूब चर्चा बटोर रहा है। फिल्म में भले उनका चेहरा न दिखाया गया हो और पोस्ट-क्रेडिट इंट्रोडक्टरी दृश्य में पीछे से उनकी एक झलक दिखाई गई हो, लेकिन सोशल मीडिया पर यह दृश्य छाया हुआ है। इस बीच, सनी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह भावुक दिखे। दरअसल, वह अपने पिता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचकर उन्हें याद करते हुए नजर आए हैं।



धर्मेंद्र का फार्महाउस मुंबई के पास महाराष्ट्र की खूबसूरत लोनावाला-खंडाला पहाड़ियों में लगभग 100 एकड़ में फैला हुआ है, जहां विनोद अभिनेता जिसमें तरो आलीशान जैसे दूर खुशुल के पल बिताते थे। यह प्रॉपर्टी अपनी नेचुरल सेटिंग और रस्टिक अट्रैक्शन के लिए जानी जाती है, जहां आज जैसा महौल है। इसमें बैठने वाले एक बड़ी जगह और एक खास स्विमिंग पूल भी है। बता दें, अभिनेता का 24 नवंबर, 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था।

पिता धर्मेंद्र की याद में डूबे सनी

सनी अपने छोटे करण देओल के साथ दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के फार्महाउस पर पहुंचे जिसकी झलकियां उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। तीनों में देखा जा सकता है कि दोनों फार्महाउस पर खड़े हैं और वहां मौजूद खेतों से फसल से जुड़े कुछ काम चल रहे हैं। सनी और करण इस प्रक्रिया को ध्यान से देख रहे हैं। इसके बैकग्राउंड में मधुरमनक गाना चल रहा है। इसके साथ अभिनेता ने लिखा, 'आपकी याद आ रही है पापा।'

इमरान हाशमी की 'गनमास्टर जी9' का मोशन-पोस्टर जारी, जेनेलिया संग जमेगी जोड़ी

मुंबई। इमरान हाशमी की फिल्म 'गनमास्टर जी9' इस महीने सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी यह एक्शन-थ्रिलर है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसमें इमरान के साथ जेनेलिया डिसूजा मुख्य किरदार में हैं। फिल्म से अब तक कई गानों को जारी किया जा चुका है और अब निर्माताओं ने नया मोशन-पोस्टर रिलीज किया। इसमें अभिनेता की दमदार झलक के साथ धमाकेदार एक्शन होने का संकेत भी मिलता है।



आयुष्मान को टक्कर देने आएगी 'गनमास्टर जी9'

फिल्म का मोशन-पोस्टर इमरान के किरदार के खूंखार अवतार की झलक दिखा देता है। बैकग्राउंड में एक तीव्र संगीत को शामिल किया गया है। अभिनेता का डायलॉग भी शामिल है जिसमें वह कहते हैं, मेरे इश्क को दुनिया में आजमाने तो इस दुनिया से जाओगे। अपकमिंग थ्रिलर में 'गनमास्टर जी9' में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह 27 नवंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका सामना आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ये प्रेम गोल हिया' के साथ होगा।

'वी वर हियर' से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ीं

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा भारतीय लौट फिल्म 'वी वर हियर' से कार्यकारी निर्माता के तौर पर जुड़ गई हैं। यह कॉमेडी फिल्म एपत मजीन से निर्देशित की है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे लोग एआई के आने से अपनी नौकरी जाने की चिंता में जी रहे हैं, जो आजकल एक बहुत ही आम बात हो गई है। प्रियंका ने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिला तो उन्होंने फौरन हां कर दी। उन्होंने इसे आज के समय के एक अहम मुद्दे पर ताजा और मजेदार नजरिए वाली फिल्म बताया है।



धर्मेंद्र को मां के किरदार में छोटी लगीं रोहिणी हट्टंगडी, देखते ही दी थी यह सलाह...

रोहिणी को बड़े उम्र के किरदार से नहीं पड़ा फर्क

रोहिणी ने बड़ी उम्र की भूमिकाओं में चुने जाने के बारे में बात करते हुए कहा, "इससे मुझे कभी फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जब मैं कोई भूमिका निभाती हूं तो वह मेरे लिए एक भूमिका होती है। आप एक किरदार निभा रहे होते हैं। मैं सोचती नहीं हूं कि यह बड़ा है या छोटा है। मैं हमेशा किरदार के अनुसार अभिनय करती हूं। वहीं उन्होंने 'हमसे ना टकराना' के सेट पर धर्मेंद्र के साथ पहली मुलाकात का किस्सा साझा किया।

मुंबई। अभिनेत्री रोहिणी हट्टंगडी ने हाल ही में कई बड़े सितारों की मां का किरदार निभाया है, जबकि असल जिंदगी में वह उनसे उम्र में छोटी थीं। वह 'अग्निपथ' और 'शहंशाह' में अमिताभ बच्चन और 'हमसे ना टकराना' में धर्मेंद्र की मां बनी थीं। अब रोहिणी ने बताया कि धर्मेंद्र ने एक बार उन्हें ज्यादा मेकअप करने की सलाह दी थी, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि वह उनकी मां का किरदार निभाने के लिए बहुत कम उम्र की लग रही थीं।





'हमसे ना टकराना' साल 1990 में हुई थी रिलीज

दीपक बाहरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'हमसे ना टकराना' साल 1990 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रोहिणी और धर्मेंद्र के साथ-साथ जितेंद्र, अनीता राज, मिथुन चक्रवर्ती और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में रोहिणी ने धर्मेंद्र की मां का किरदार निभाया था। इस फिल्म में काम करते समय रोहिणी सिर्फ 39 साल की थीं, जबकि उस समय धर्मेंद्र की उम्र 55 साल थी।

'जानी दुश्मन' से इस बार डर और दहशत फैलाने की तैयारी

मुंबई। भूमि पेडनेकर ने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। इस बार दर्शक उन्हें डर और दहशत फैलाते दिखेंगे, क्योंकि उनकी नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म 'जानी दुश्मनः डर के आगे मौत है' का ऐलान किया गया है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला लुक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। अरशद सैयद फिल्म के निर्देशन होंगे और इसका निर्माण टी-सीरीज व प्रभलीन संधू की ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर एक शांत महिला और उसके आसपास के डरावने माहौल को दर्शाता है। कहानी मां-बेटी के भावनात्मक रिश्ते पर आधारित बताई जा रही है। कैप्शन दिया गया, 'डर तो बहुत देखा होगा, अब खौफ महसूस करने के लिए तैयार हो जाओ। इस परियोजना के लिए पैरानॉर्मल सीरीज 'भयः द गौरव तिवारी मिस्ट्री' की क्रिएटिव टीम फिर साथ आई है। मशहूर अंतरराष्ट्रीय एक्शन और स्टंट निर्देशक पीटर पेड्रेरो भी इससे जुड़े हैं। फिल्म को 2027 में रिलीज किया जाएगा।

